इसका अर्थ यह है कि यह पंचम काल हुण्डावसर्पिणी का काल बड़ा भयंकर है प्रायः लोगों की मनोवृत्ति चंचल है–स्थिर नहीं है, शरीर अन्नका कीड़ा बन रहा है जिनके रात दिन एकसा है खाने पीने का रात दिन का कोई विचार नहीं है ऐसे कलिकाल

में यदि जिनलिंग के धारी मुनि, आर्यिकादि विद्यमान हैं, पाये जाते हैं तो यह बड़े आश्चर्य की बात है ॥ २२ ॥

शार्दूलविक्रीडितछन्दः

लक्ष्मीस्तं स्वयमभ्युपैति रभसात्कीर्तिस्तमालिंगति
प्रीतिस्तं भजते मतिः प्रयतते तं लब्धुमुत्कण्ठया ।
स्वःश्रीस्तं परिरब्धुमिच्छति मुहुर्मुक्तिस्तमालोकते
यः संघं गुणराशिकेलिसदनं श्रेयोरुचिः सेवते ॥२३॥

व्याख्या—यः पुमान् श्रेयोरुचिः सन् श्रेयसि कल्याणे धर्मे वा रुचिरभिलाषो यस्य स श्रेयोरुचिः ईदृशः सन् श्रीसंघं सेवते तं पुरुषं लक्ष्मीः संपत् रभसा वेगेन स्वयमात्मना अभ्युपैति सम्मुखमायाति । पुनः कीर्तिस्तं पुरुषं आलिङ्गति आलिङ्गनं ददाति । पुनः प्रीतिः स्नेहस्तं भजते सेवते । पुनर्मतिर्बुद्धिः उत्कंठया उत्सुकतया कृत्वा तं नरं लब्धुं प्राप्तुं प्रयतते यत्नं करोति । पुनः स्वःश्रीः स्वर्गलक्ष्मीस्तं मुहुर्वारं वारं परिरब्धुं आलिङ्गितुमिच्छति । पुनर्मुक्तिः मोक्षस्तं पुरुषं आलोकते पश्यति । किंविशिष्टं संघं गुणराशिकेलिसदनं गुणसमूहस्य क्रीडागृहं एवं ज्ञात्वा संघः सेव्यः ॥ २३ ॥

अर्थ—कल्याण का इच्छुक जो पुरुष रत्नत्रयादि गुणों के क्रीडा करने का मन्दिर जो चतुर्विध संघ (जिनसंघ) की सेवा करता है, लक्ष्मी उसे शीघ्र ही चारों तरफ से प्राप्त होती है, कीर्ति उसका आलिंगन करती है अर्थात् उसकी सर्वत्र कीर्ति विस्तृत होती है, प्रीति सेवा करती है [उससे सभी प्राणी स्नेह करते हैं, उसे

चाहते हैं] मुमुक्षु उसको उत्कण्ठा से प्राप्त करने का प्रयत्न करती है अर्थात् उसे शीघ्र ही सम्यग्ज्ञान [आत्मज्ञान] की प्राप्ति होती है, स्वर्ग की लक्ष्मी उसे प्राप्त करने के लिए बार बार इच्छा करती है और तो क्या ? मुक्ति उसके देखने की प्रतीक्षा करती है ॥ २३ ॥

शार्दूलविक्रीडितछन्दः

यद्भक्तेः फलमर्हदादिपदवीमुख्यं कृषेः शस्यवत् ।
चक्रित्वत्रिदशेन्द्रतादितृणवत् प्रासङ्गिकं गीयते ।
शक्तिं यन्महिमस्तुतौ न दधते वाचोऽपि वाचस्पतेः ।
संघः सोऽघहरः पुनातु चरणन्यासैः सतां मंदिरं ॥२४॥

व्याख्या—स. श्रीसंघश्चरणन्यासैः स्वपादस्थापनैः कृतः सतां सत्पुरुषाणां साधुमनुष्याणां मन्दिरं गृहं पुनातु पवित्रयतु। सः कः यद्भक्तेः यस्य संघस्य भक्तेः अर्हदादिपदवी तीर्थंकरादिपदप्राप्ति-मुख्यं फलं वर्तते किंवत् कृषेः क्षेत्रादेः शस्यवत् धान्यवत् चक्रित्वत्रिद-शेन्द्रतादिचक्रवर्तित्वं इंद्रपदत्वादिकं च प्रासङ्गिकं प्रसंगादागतं फलं गीयते कथ्यते किंवत् कृषेस्तृणवत् पलालादिवत् । पुनर्यन्महिमस्तुतौ यस्य संघस्य प्रभाववर्णने यस्मिन् वाचस्पतेरपि वाचो वाक्यः शक्तिं सामर्थ्यं न दधते न धारयन्ति । किंविशिष्टः संघः अघहरः अघं पापं हरति यः सः अघहरः इति ज्ञात्वा श्रीसंघः स्वगृहे आहूय सम्यक्-पूजनीयः ॥ २४ ॥

अर्थ—खेती करने का मुख्य उद्देश्य अन्न पैदा करना है, उसी प्रकार संघ की भक्ति का मुख्यफल अरिहन्त आदि पदवी प्राप्त

करना है। खेती का गौण फल घास आदि है, उसी प्रकार भक्ति का गौण फल चक्रवर्ति, इन्द्रपना आदि संसार की विभूति प्राप्त करना है, जिस संघ की महिमा स्तुति करने में बृहस्पति के वचन भी शक्ति नहीं रखते हैं, ऐसा वह पाप का हरण (दूर) करने वाला संघ अपने चरण न्यास से सज्जनों के मन्दिर (घर) को पवित्र करें ऐसा यह आशीर्वाद सूचक वचन है ॥ २४ ॥

इति संघप्रक्रमः

अथ हिंसानिषेधेन सत्वेषु दयैव क्रियतामित्यर्थः।

क्रीडाभूः सुकृतस्य दुःकृतरजः संहारवात्या भवो–
दन्वन्नौर्व्यसनाग्निमेघपटली संकेतदूती श्रियां।
निःश्रेणिस्त्रिदिवौकसः प्रियसखी मुक्तेः कुगत्यर्गला
सत्वेषु क्रियतां कृपैव भवतु क्लेशैरशेषैः परैः ॥२५॥

व्याख्या—भो भव्याः सत्वेषु जीवेषु कृपा एव दया एव क्रियतां। परैरन्यैरशेषैः समस्तैः क्लेशैः कायकष्टकरणैः भवतु पूर्यतां मा क्रियतामित्यर्थः। कथंभूता कृपा सुकृतस्य पुण्यस्य क्रीडाभूः क्रीडा-स्थानं। पुनः कथंभूता दुःकृतरजः संहारवात्या दुःकृतं पापं तदेव कर्म्ममलहेतुत्वात् रजस्तस्य संहारे संहरणे वात्या वायुसमूहतुल्या। पुनः कथंभूता भवोदन्वन्नौः भव एव संसार एव उदन्वानिवोद-न्वान् समुद्रस्तत्र नौः नौका। पुनः कथंभूता व्यसनाग्निमेघपटली व्यसनानि कष्टान्येवतापहेतुत्वात् अग्नयो वह्नयस्तेषु मेघपटली मेघ-घटासमाना। पुनः कथंभूता श्रियां सङ्केतदूती श्रियां लक्ष्मीनां संकेतदूती सङ्केतकथका। पुनः कथंभूता मुक्तेः प्रियसखी मुक्तेः

मोक्षस्य वयस्या। पुनः कथंभूता कुगत्यर्गला कुगतेर्दुर्गतेः अर्गला द्वारपरिघः इति ज्ञात्वा जीवेषु कृपा एव क्रियतां ॥ २५ ॥

अर्थ—उपरोक्त श्लोक में आचार्य ने दया का माहात्म्य दिखाया है, कि–छह काय के जीवों की रक्षा रूप दया कर। यही सब जप तपादि हैं। यदि तू जपतपादि करता है और दया पालन नहीं करता तो वह सब व्यर्थ है। वह दया कैसी है? पुण्य की क्रीडा करने की भूमि है, पाप रूपी रज [धूल] को नष्ट करने के लिये पवन के समान है, संसाररूपी समुद्र को तिरने के लिये नाव के समान है, व्यसन रूपी अग्नि को बुझाने के लिये मेघवृष्टि है, लक्ष्मी को बुलाने के लिये दूती समान है, स्वर्ग के चढ़ने के लिये नसैनी समान है, मुक्ति की प्यारी सखी है, और कुगतिगमन के रोकने को आगल समान है, ऐसी कृपा जीवों पर करो अन्य दूसरे किसी क्लेश को सहन करने से क्या लाभ है। दया ही सर्व श्रेष्ठ है, ऐसा जान कर समस्त जीवों पर दया करना योग्य है।

शिखरिणीछन्दः

यदि ग्रावा तोये तरति तरणिर्यदुदयते।
प्रतीच्यां सप्तार्चिर्यदि भजति शैत्यं कथमपि ॥
यदि क्ष्मापीठं स्यादुपरि सकलस्यापि जगतः।
प्रसूते सत्त्वानां तदपि न वधः क्वापि सुकृतं ॥२६॥

व्याख्या—यदि ग्रावा पाषाणस्तोये जले तरति। पुनर्यदि तरणिः सूर्यः प्रतीच्यां पश्चिमायां दिशि उदयति। पुनः सप्तार्चिः

अग्निः शैत्यं शीतलत्वं भजति शीतो भवति। पुनर्यदि कथंचित् क्ष्मापीठं पृथ्वीमंडलं सकलस्यापि जगतो विश्वस्य उपरि भवेत् तदपि सत्वानां वधो हिंसा क्वापि द्रव्यक्षेत्रकालादौ सुकृतं पुण्यं न प्रसूयते न जनयति ॥ २६ ॥

(अर्थ—यदि किसी प्रकार पत्थर जल में तिरने लग जाय, यदि सूर्य पश्चिम दिशा में उदय हो जाय, यदि अग्नि शीतल हो जाय, यदि पृथ्वीतल समस्त जगत के ऊपर हो जाय अर्थात् सारा संसार लोट पोट हो जाय, तो भी जीवों की हिंसा में कभी भी धर्म अर्थात् पुण्य का बन्ध नहीं होता है यह निश्चित अटल सिद्धान्त है।)

भावार्थ—उपरोक्त बातें यद्यपि असंभव हैं कदाचित् संभव हों तो हों, परन्तु जीवों की हिंसा में कभी भी धर्म नहीं हो सकता।

मालिनीछन्दः

स कमलवनमग्नेर्वासरं भास्वदस्ता—
दमृतमुरगवक्त्रात्साधुवादं विवादात्
रुगपगममजीर्णाज्जीवितं कालकूटा—
दभिलषति वधाद्यः प्राणिनां धर्ममिच्छेत् ॥२७॥

व्याख्या - यः पुमान् प्राणिनां वधात् धर्मं इच्छेत् स अग्नेः सकाशात् कमलवनं अभिलषति वाञ्छति। तथा भास्वदस्तात् सूर्यास्तमनात् वासरं अभिलषति। पुनर्विवादात् कलहात् साधुवादं कीर्तिं अभिलषति। तथा अजीर्णात् रुगपगमं रुजो रोगस्य अपगमं

विनाशं अभिलषति। पुनः कालकूटाद् विषाद् जीवितं प्राणधारणं अभिलषति। यः पुमान् जीवानां वधात् धर्मं इच्छेत् स एतानि वस्तूनि वाञ्छेत् ॥ २७ ॥

अर्थ—जो व्यक्ति जीव हिंसा से धर्म की इच्छा करता है अर्थात् जीव हिंसा में धर्म-पुण्य समझता है, वह अग्नि से कमलों के वन को उत्पन्न करना चाहता है, सूर्य के अस्त से दिन की अभिलाषा करता है, सर्प के मुंह से अमृत की वांछा करता है, दूसरों के साथ कलह करके कीर्ति की इच्छा करता है, अजीर्ण से रोग के नाश होने की अभिलाषा करता है, और कालकूट हालाहल विष का भक्षण करके जीवित रहने की इच्छा करता है।

भावार्थ—जीव हिंसा में कभी भी किंचित् भी धर्म नहीं हो सकता, अगर जीव हिंसा में धर्म माना जायगा तो दया में पाप मानना पड़ेगा परन्तु तीन लोक और तीन काल में ऐसी असंभव बात कभी भी संभव न हुई और न होगी। अतः जीव हिंसा के समान संसार में कोई महान् पाप नहीं है और अहिंसा (प्राणिदया) के समान कोई दूसरा महान् पुण्य नहीं है ॥ २७ ॥

शार्दूलविक्रीडितछन्दः

आयुर्दीर्घतरं वपुर्वरतरं गोत्रं गरीयस्तरं
वित्तं भूरितरं बलं बहुतरं स्वामित्वमुच्चैस्तरं।
आरोग्यं विगतान्तरं त्रिजगति श्लाघ्यत्वमल्पेतरं
संसाराम्बुनिधिं करोति सुतरं चेतः कृपार्द्रान्तरम् ॥२८॥

व्याख्या—कृपार्द्रान्तरं कृपया आर्द्रं अन्तरं मध्यं यस्य तत् कृपार्द्रान्तरं ईदृशं चेतः चित्तं करोति स पुमान् स्वस्य आयुर्जीवितं दीर्घतरं अधिकं करोति। तथा वपुः शरीरं वरतरं अतिप्रधानं करोति। पुनर्गोत्रं नाम कुलं वा गरीयस्तरं अतिगरिष्ठं उच्चैर्गोत्ररूपं करोति। पुनर्वित्तं धनं भूरितरं अतिप्रचुरं करोति। पुनर्बलं वीर्यं बहुतरं प्राज्यं करोति। स्वामित्वं प्रभुत्वं उच्चैस्तरं सर्वोत्कृष्टं करोति। तथा आरोग्यं नीरोगत्वं विगतान्तरं अन्तररहितं निरन्तरं करोति। तथा त्रिजगतस्य त्रिभुवनस्य श्लाघ्यत्वं श्लाघनीयत्वं अल्पेतरं प्रचुरं करोति। त्रिभुवनमपि तं श्लाघते। तथा संसाराम्बुनिधि भवसमुद्रं सुतरं सुखेन तरीतुं शक्यं करोति। दयासहितं चेतः एतानि वस्तूनि करोति उत्पादयति अतः कारणात् सर्वे जीवेषु दयैव कर्तव्या। अत्रमेघरथराज्ञो दृष्टान्तः। तथा हरिबलधीवरस्य च दृष्टांतो वाच्यः ॥ २८ ॥ इति अहिंसा प्रक्रमः।

अर्थ—दया से आर्द्र अर्थात् भींगा है चित्त जिसका ऐसा पुरुष अपनी आयु को बढ़ाता है, शरीर को मनोज्ञ करता है, गोत्र को बढ़ाता है, बल को बढ़ाता है स्वामीपना को उच्च करता है, आरोग्यता को अन्तराय रहित करता है, तीनलोक में अधिक प्रशंसा का भाजन होता है, संसार समुद्र को आसानी से पार करता है।

भावार्थ—दयालु पुरुष दीर्घायु होते हैं, मनोज्ञ शरीर प्राप्त करते हैं, प्रशस्त गोत्र प्राप्त पाते हैं, अधिक वैभव शाली होते हैं, बलिष्ठ होते हैं, अनेक पुरुष जिनके आगे नतमस्तक होते हैं, ऐसा स्वामित्व प्राप्त करते हैं, सदा आरोग्य शरीर वाले होते हैं, तीन लोक में यश के भाजन होते हैं वे संसार पार कर मुक्तिपथ पाते हैं ॥ २८ ॥

अथ सत्यवचनस्य प्रभावं प्रकटयति—

शार्दूलविक्रीडितछन्दः

विश्वासायतनं विपत्तिदलनं देवैः कृताराधनं ।
मुक्तेः पथ्यदनं जलाग्निशमनं व्याघ्रोरगस्तम्भनं ॥
श्रेयस्संवननं समृद्धिजननं सौजन्यसंजीवनं ।
कीर्तेः केलिवनं प्रभावभवनं सत्यं वचः पावनं ॥२९॥

व्याख्या—भो भव्याः ! सत्यं वचो हितं प्रियं वदन्त्विति शेषः । कथंभूतं सत्यं वचः विश्वासायतनं विश्वासस्य आयतनं स्थानं पुनः कथंभूतं विपत्तिदलनं विपत्तीनां आपदां स्फेटकं । पुनः कथंभूतं देवैः सुरैः कृताराधनं सेवनं यस्य तत् । पुनर्मुक्तेः सिद्धेः पथि मार्गे अदनं संबलं । तथा जलाग्निशमनं जलाग्न्योः उपशामकं । पुनः कथंभूतं व्याघ्रोरगस्तम्भनं व्याघ्राणां सिंहानां उरगाणां सर्पाणां च स्तम्भकारकं । पुनः श्रेयसो मोक्षस्य कल्याणस्य वा संवननं वशीकरणं । पुनः समृद्धिजननं समृद्धीनां संपदां संपादकं । पुनः कथंभूतं सौजन्यसंजीवनं सुजनतायाः संजीवनं समुत्पादकं । तथा कीर्तेः यशसः केलिवनं क्रीडावनं । पुनः कथंभूतं प्रभावभवनं प्रभावस्य महिम्नो गृहं । पुनः कथंभूतं पावनं पवित्रकारकमित्यर्थः ॥ २९ ॥

अर्थ—सत्य वचन कैसा है ? विश्वास का घर है, विपत्ति को दूर करने वाला है, देवों के द्वारा जिसका आराधन किया गया है, मुक्ति के लिये पाथेय (कलेवा) समान है, जल और अग्नि को शान्त करने वाला है अर्थात् सत्य के प्रताप से जल तथा अग्नि का

भय, या महान् संकट भी शान्त हो जाता है, व्याघ्र (बाघ) सर्प को स्तंभन करने वाला है, कल्याण का वशीकरण है अर्थात् कल्याण का गृह है, समृद्धि को पैदा करने वाला है, सज्जनता का जीवन है, कीर्ति का क्रीडावन है, प्रभाव का मन्दिर है, ऐसा पवित्र सत्यवचन निरन्तर बोलना योग्य है ॥ २९ ॥

पुनरसत्यवचनस्य दोषानाह—

शिखरिणीछन्दः

यशो यस्माद्भस्मीभवति वनवह्नेरिव वनं।
निदानं दुःखानां यदवनिरुहाणां जलमिव॥
न यत्र स्याच्छायाऽऽतप इव तपः संयमकथा।
कथंचित्तन्मिथ्यावचनमभिधत्ते न मतिमान्॥३०॥

व्याख्या—स मतिमान् बुद्धिमान् पुमान् कथंचित् कष्टेऽपि सति तन्मिथ्यावचनं असत्यवचनं न अभिधत्ते न जल्पति। तत् किं यस्मान्मिथ्यावचनाद्यशः कीर्तिर्भस्मीभवति विनश्यति। कस्मात्किमिव। वनवह्नेर्दावाग्नेर्वनमिव। यथा दावानलात् वनं भस्मीभवति तथा। पुनर्यन्मिथ्यावचनं दुःखानां निदानं कारणं। केषां किमिव अवनिरुहाणां वृक्षाणां जलमिव। यथा जलं वृक्षाणां कारणं तथा। पुनर्यत्र मिथ्यावचने तपः संयमकथा तपश्चारित्रयो र्वार्तापि न। कस्मिन् का इव। आतपे सूर्यातपे छाया इव। यथा आतपे छाया न स्यात् तथा॥ ३०॥

अर्थ—जिस असत्य वचन से यश इस प्रकार नष्ट हो जाता है जैसे वन की अग्नि (दावानल) से वन भस्म हो जाता है। जो

असत्य वचन वृक्षों के लिये जल के समान दुःखों का मुख्य कारण है। इसका स्पष्ट अर्थ यह है कि जल यद्यपि वृक्षों की वृद्धि का कारण है—जल सींचने से वृक्ष बढ़ते हैं परन्तु अधिक जलप्रवाह (जलधारा) से वृक्षों की जड़ें कट जाती हैं और वृक्ष पृथ्वी पर गिर जाते हैं, उसी प्रकार असत्य भाषण से अनेक दुःख संकटों के बादल सिर पर मंडराते हैं तथा जिसप्रकार धूप में छाया के सुख का अनुभव नहीं होता उसी प्रकार झूठ वचन बोलने वाले व्यक्ति को तप और संयम के सुख का अनुभव स्वप्न में भी नहीं होता अतः असत्यवचन के उपरोक्त दोष जानकर असत्य सर्वथा त्याज्य है ॥ २० ॥

वंशस्थछन्दः

असत्यमप्रत्ययमूलकारणम्
कुवासनासद्म समृद्धिवारणम् ।
विपन्निदानं परवंचनोर्जितं
कृतापराधं कृतिभिर्विवर्जितम् ॥२१॥

व्याख्या—इति कारणात् कृतिभिः पंडितैः असत्यं कूटं विशेषेण वर्जितं परिहृतं यतोऽसत्यं अप्रत्ययमूलकारणं अविश्वासस्य मूलहेतुः। पुनः कुवासनायाः कुबुद्धेः पापबुद्धेः सद्म गृहं। पुनः समृद्धिवारणं समृद्धेर्लक्ष्म्या वारणं निराकरणं। पुनर्विपन्निदानं विपदां कष्टानां निदानं कारणं। पुनः परवंचनोर्जितं परेषां वंचने विप्रतारणे ऊर्जितं बलिष्ठं। पुनः कृतापराधं कृतः अपराधः आगः यस्य तत्। अतएवासत्यवचनं न वक्तव्यं ॥ २१ ॥

अर्थ—(असत्य वचन अविश्वास का मुख्य कारण है अर्थात् असत्यभाषी (झूठ वचन बोलने वाले) का कोई विश्वास नहीं करता, खोटी वासनाओं (बुरेविचारों) को पैदा करने वाला है, समृद्धि को निवारण करने वाला है अर्थात् झूठ वचन से धन वैभव सब नष्ट हो जाता है विपत्तिका मूल कारण है, पर के ठगपने सहित है अर्थात् झूठा व्यक्ति सदा दूसरों को ठगता रहता है, असत्यभाषी अनेकों अपराध करता है ऐसा असत्य वचन सत्पुरुषों द्वारा सदा त्यागने योग्य है ॥ ३१ ॥)

अथ सत्यप्रभावं दर्शयति—

शार्दूलविक्रीडितछन्दः

(तस्याग्निर्जलमर्णवः स्थलमरिर्मित्रं सुराः किंकराः
कान्तारं नगरं गिरिर्गृहमहिर्माल्यं मृगारिर्मृगः ।
पातालं बिलमस्त्रमुत्पलदलं व्यालः शृगालो विषं
पीयूषं विषमं समं च वचनं सत्याञ्चितं वक्ति यः ॥३२॥

व्याख्या—यः पुमान् सत्याञ्चितं सत्ययुक्तं वचो वचनं वक्ति ब्रूते। तस्य पुंसोऽग्निर्वह्निः सत्यप्रभावाज्जलं स्यात्। तथार्णवः समुद्रः स्थलं स्यात्। तथा अरिः शत्रुर्मित्रं स्यात्। पुनः सुरा देवाः किंकराः सेवकाः आदेशकारिणः स्युः। पुनः कान्तारं अरण्यं नगरं स्यात्। तथा गिरिः पर्वतो गृहं स्यात्। पुनरहिः सर्पो माल्यं स्रक् स्यात्। तथामृगारिः सिंहो हरिण इव स्यात्। तथा पातालं रसातलं बिलं बिलरूपं स्यात्। तथा अस्त्रं शस्त्रं उत्पलदलं कमलपत्रसदृशं

स्यात् । तथा व्यालो दुष्टगजः शृगाल इव स्यात् । पुनर्विषं हालाहलं पीयूषं अमृतं स्यात् । विषमं संकटं स्थानं समं संपद्रूपं स्यात् । सत्यप्रभावादतः सत्यमेव वक्तव्यं । अत्र वसुराजा पर्वत नारददृष्टान्तः ॥ ३२ ॥

इत्यनृतप्रक्रमः ।

अर्थ—जो पुरुष सत्यवचन बोलता है उसके अग्नि जल रूप में परिणत हो जाती है, समुद्र स्थल रूप हो जाता है, शत्रु मित्र हो जाता है, देव नौकर हो जाते हैं, वन नगर, तथा पर्वत महल हो जाता है, सर्प फूलों की माला हो जाता है, सिंह हिरण के समान हो जाता है, पाताल बिल के तुल्य हो जाता है, शस्त्र कमल पत्र के समान हो जाते हैं, भयंकर हाथी स्याल (गीदड़) समान हो जाता है, विष अमृत रूप तथा विषम वस्तु सम रूप में परिणत हो जाती है । यह सत्य वचन का ही प्रभाव है । सत्यके प्रतापसे संसार की सब दुर्लभ वस्तुयें सुलभता से प्राप्त होती हैं ऐसा जान कर सदा सत्य व्यवहार करना योग्य है ॥ ३२ ॥

अथ अदत्तादानवृत्तमाह—

मालिनीछन्दः

तमभिलषति सिद्धिस्तं वृणीते समृद्धिस्
तमभिसरति कीर्तिर्मुञ्चते तं भवार्तिः ।
स्पृहयति सुगतिस्तं नेक्षते दुर्गतिस्तं
परिहरति विपत्तं यो न गृह्णात्यदत्तं ॥३३॥

व्याख्या—यः पुमान् अदत्तं अविशीर्णं प्रस्तावात् परवित्तं किंचिद्वस्तु वा न गृह्णाति तं पुरुषं सिद्धिर्मुक्तिरभिलषति वाञ्छति पुनस्तं समृद्धिर्ऋद्धिरत्नादिसम्पद् वृणीते। तथा कीर्तिर्यशः स्तं अभिसरति प्रत्यागच्छति। भवार्तिः संसारपीडा तं मुंचते त्यजति। तथा सुगतिर्देवमनुष्यरूपा तं स्पृहयति वाञ्छति। तथा दुर्गतिर्नरकतिर्यक्रूपा तं पुरुषं न पश्यति नेक्षते। विपद् आपद् तं परिहरति त्यजति तं कं यो अदत्तं न गृह्णाति॥ २३॥

अर्थ—जो पुरुष गिरा पड़ा, भूला, रखा हुआ बिना दिया पदार्थ स्वयं नहीं ग्रहण करता और न दूसरों को देता है उस पुरुष की मुक्ति भी अभिलाषा करती है। ऋद्धियां उसका वरण करती हैं कीर्ति उसके चारों ओर फैलती है, संसार की पीड़ा उसे त्याग देती है, उत्तमगति उसे चाहती है अर्थात् वह पुरुष मर कर उत्तम गति पाता है, दुर्गति उसे आँख उठा कर भी नहीं देखती, विपत्तियां उसके सिर पर मँडराती नहीं हैं। अदत्तत्यागका ऐसा माहात्म्य जान कर उसका आचरण करना कल्याणकारी है। और भी कहते हैं—

भूयोप्यदत्तादानगुणानाह—

शिखरिणीछन्दः

अदत्तं नादत्ते कृतसुकृतकामः किमपि यः
शुभश्रेणिस्तस्मिन्वसति कलहंसीव कमले।
विपत्तस्माद्दूरे व्रजति रजनीवाम्बरमणे
र्विनीतं विद्येव त्रिदिवशिवलक्ष्मीर्भजति तं॥२४॥

व्याख्या—यः पुमान् कृतः सुकृते पुण्ये अभिलाषो येन ईदृशः सन् अदत्तं परकीयं किमपि वस्तु नादत्ते न गृह्णाति। तस्मिन् पुंसि शुभश्रेणिः कल्याणपरम्परा वसति निवासं करोति। कस्मिन् केव कमले कलहंसीव यथा कमले कलहंसी वसति। तथा पुनस्तस्मात्पुरुषात् विपत्कष्टं दूरं व्रजति दूरे याति। कस्मात्केव अम्बरमणेः सूर्याद् रजनीव यथा सूर्याद्रात्रिर्दूरे व्रजति तथा। पुनस्त्रिदिवशिवयोः स्वर्गापवर्गयोः लक्ष्मीः श्रीः तं भजते सेवते कं केव विनीतं विद्येव यथा विद्या विनीतं विनयान्वितं पुरुषं विद्या भजति आगच्छति तथा॥ २४॥

अर्थ—की है पुण्य की वांछा जिसने ऐसा जो पुरुष किंचित् मात्र भी बिना दिया हुआ ग्रहण नहीं करता है उसको कमल में कलहंसी के समान कल्याण की परम्परा प्राप्त होती है, सूर्यसे जैसे रात्रि दूर भागती है उसी प्रकार उससे विपत्ति दूर भाग जाती है, जैसे विद्या विनम्र पुरुष को प्राप्त होती है वैसे ही उसे स्वर्ग, मोक्ष की लक्ष्मी प्राप्त होती है॥ २४॥

व्यतिरेकेणाह—

शार्दूलविक्रीडितछन्दः

यन्निर्वर्तितकीर्तिधर्मनिधनं सर्वागसां साधनं
प्रोन्मीलद्वधबन्धनं विरचितक्लिष्टाशयोद्बोधनं।
दौर्गत्यैकनिबन्धनं कृतसुगत्याश्लेषसंरोधनं
प्रोत्सर्पत्प्रधनं जिघृक्षति न तद्धीमानदत्तं धनं॥२५॥

व्याख्या—धीमान् विद्वान् पुमान् अदत्तं धनं परकीयं वस्तु न जिघृक्षति गृहीतुं नेच्छति। तत् किं यत् अदत्तं निर्वर्तितकीर्तिधर्मं निधनं स्यात्। निर्वर्तितं कृतं कीर्तिधर्म्मयोर्निधनं विनाशो येन तत्। तथा सर्वागसां साधनं सर्वाणि च तानि अगांसि च सर्वागसस्तेषां सर्वागसां सर्वापराधानां साधनं हेतुः स्यात्। पुनः प्रोन्मीलद्वधबन्धनं वधो लकुटादिताडनं बन्धो रज्वादिना बंधनं प्रोन्मीलंति प्रगटीभवंति वधबंधनानि यत्र तत्। पुनर्विरचित क्लिष्टाशयोद्बोधनं विरचितं क्लिष्टाशयस्य दुष्टाभिप्रायस्य उद्बोधनं प्रकटनं येन तत्। पुनर्दौर्गत्यैकनिबंधनं। दौर्गत्यस्य दारिद्र्यस्य एकं अद्वितीयं निबंधनं कारणं। पुनः कृतसुगत्याश्लेषसंरोधनं कृतं सुगतेराश्लेषस्य आलिंगस्य संरोधनं निवारणं येन तत्। पुनः प्रोत्सर्पत्प्रसरत् प्रधनंमरणं यस्मात् तत् तथा। ईदृशं अदत्तं धीमान् न जिघृक्षति ॥ ३५ ॥

अर्थ—बिना दिया हुआ धन कैसा होता है—जिसे ग्रहण करने से कीर्ति और धर्मका नाश हो जाता है, समस्त पापों का कारण है, जिससे प्राणी का वध बन्धन होता है, संक्लेश आशय (भावों) को पैदा करनेवाला है, दुर्गति के बन्ध का अद्वितीय कारण है, सुगति के आलिंगन को रोकने वाला है, जो युद्ध कराने में सहायक है ऐसे बिना दिये धन को बुद्धिमान् पुरुष ग्रहण करने की कभी भी इच्छा नहीं करते ॥ ३५ ॥

पुनरदत्तदोषमाह—

हरिणीछन्दः

परजनमनः पीडाक्रीडा वनं वधभावना-
भवनमवनिव्यापि व्यापल्लता घनमण्डलं।

कुगतिगमने मार्गः स्वर्गापवर्गपुरार्गलं ।
नियतमनुपादेयं स्तेयं नृणां हितकांक्षिणां ॥२६॥

व्याख्या—नियतं निश्चितं हितकांक्षिणां हितमिच्छतां नृणां पुरुषाणां स्तेयं चौर्यं अनुपादेयं अग्राह्यं भवति। अदत्तं अग्रहणीयं स्यात्। किंभूतं अदत्तं, परजनमनःपीडाक्रीडावनं परे च ते जनाश्च परजना स्तेषां मनांसि चित्तानि तेषां पीडा बाधा तस्याः क्रीडावनं रमणीयोद्यानं। पुनः वधभावनाभवनं वधः हिंसाया भावना चिंतनं तस्याः गृहं। पुनः अवनिव्यापिव्यापल्लता-घनमंडलं अवन्यां व्यापिनी प्रसरणशीला या व्यापत् आपद् सैव लता वल्ली तस्याः घनमंडलं मेघपटलं। पुनः कुगतिगमने मार्ग अध्वा। पुनः स्वर्गापवर्गपुरार्गला, स्वर्गापवर्गावेव देवलोकमोक्षौ एव पुरं नगरं तत्र अर्गला परिघः। ईदृशं स्तेयं हितकांक्षिणां नृणां अग्राह्यं स्यात्। अत्र रोहणीकथा वाच्या ॥ २६ ॥

इति स्तेय प्रक्रमः

अर्थ—चोरी कैसी है- दूसरे मनुष्यों के मनको पीड़ा देना रूपी क्रीड़ा का वन है अर्थात् अपने तथा दूसरे के लिये मन सन्ताप का कारण है, पर के मारने की भावना का घर है अर्थात् चोरी करने वाले के दूसरोंको मारने की भावना बनी रहती है, पृथ्वी में व्याप्त आपत्ति रूपी लता के बढ़ाने को मेघों का समूह है अर्थात् चोरी से अनेक प्रकार की आपत्तियों का सामना करना पड़ता है, कुगतिके गमन का सीधा मार्ग है, स्वर्ग तथा मोक्ष रूपी नगर की उत्कृष्ट अर्गला है अर्थात् चोरी करनेवाला स्वर्ग नहीं जा सकता, इस प्रकार की चोरी हित के वांछक पुरुषों द्वारा अवश्य ही निश्चित

रूप से त्यागने योग्य है ॥ ३६ ॥

अथ मैथुनव्रतमाश्रित्योपदेशमाह—

शार्दूलविक्रीडितछन्दः

दत्तस्तेन जगत्यकीर्तिपटहो गोत्रे मषी कूर्चक-
श्चारित्रस्य जलाञ्जलिर्गुणगणारामस्य दावानलः।
संकेतः सकलापदां शिवपुरद्वारे कपाटो दृढः॥
कामार्तस्त्यजति प्रभोदयमिदां शर्म्मीं परस्त्रीं न यः ॥३७॥

व्याख्या—यः पुमान् कामार्तः कामपीडितः परस्त्रीं परनारीं न त्यजति तेन पुंसा जगति विश्वे अकीर्तिपटहो दत्तः वादितः। निर्मले गोत्रे स्वकीये वंशे मषीकूर्चको दत्तः। पुनश्चारित्रस्य देशविरतिरूपसर्वविरतिरूपसंयमस्य जलांजलिर्दत्तः। पुनः गुणगणारामस्य दावानलः गुणानां गणाः समूहा एव आरामो वनं तस्य दावानलो दवाग्निर्दत्तः। पुनस्तेन सकलापदां समस्तकष्टानां संकेतो दत्तः मिलनस्थाने कथितं। पुनस्तेन शिवपुरद्वारे मुक्तिनगरीद्वारे दृढः कपाटो दत्तः। शीलरहितस्य मुक्तिगमनायोगात्। पुनः किं विशिष्टां परस्त्रीं प्रभाया उदयः प्रभोदयः अथवा प्रभारच उदयश्च प्रभोदयः तयोर्भिदायां शर्म्मीप्रभां। पाठांतरे तु शीलं येन निजं विलुप्तमखिलं त्रैलोक्यचिंतामणिः। येन निजं शीलं विलुप्तम् तेन एतानि वस्तूनि कृतानि ॥ ३७ ॥

अर्थ—जिस पुरुष ने तीन लोक में चिन्तामणि रत्न समान

अपना समस्त शील खो दिया उसने जगत में अपकीर्ति (बदनामी) का ढोल बजाया, अपने वंश में कालिमा लगाई, चारित्र को जलाञ्जलि देदी, गुणों के समूहरूप बाग में आग लगादी, समस्त आपत्तियों का संकेत स्थान कुशील है, जिसने शील बिगाड़ा उसने मोक्ष नगर के दरवाजे में दृढ़ता से किवाड़ लगा दिये। ऐसा जान कर कुशील का त्याग करना योग्य है ॥ ३७ ॥

पुनः शीलगुणान् वक्ति—

शार्दूलविक्रीडितछन्दः

व्याघ्रव्यालजलानलादिविपदस्तेषां व्रजंति क्षयं ।
कल्याणानि समुल्लसंति विबुधाः सान्निध्यमध्यासते ॥
कीर्तिः स्फूर्तिमियर्ति यात्युपचयं धर्मः प्रणश्यत्यघं ।
स्वर्निर्वाणसुखानि संनिदधते ये शीलमाबिभ्रते ॥३८॥

व्याख्या—ये नराः शीलं ब्रह्मचर्यं आबिभ्रते धारयंति तेषां पुंसां व्याघ्रव्यालजलानलादिविपदः क्षयं यांति। व्याघ्रः प्रसिद्धः व्यालो दुष्टगजः सर्पो वा जलं पानीयं नदीसमुद्रादि अनलो वह्निस्तेषां विपदः कष्टानि तैः कृता विपदः क्षयं व्रजंति क्षयं यांति। पुनः कल्याणानि श्रेयांसि समुल्लसंति वृद्धिं प्राप्नुवंति। पुनस्तेषां विबुधाः देवाः सान्निध्यं अध्यासते साहाय्यं कुर्वन्ति। पुनस्तेषां कीर्तिः स्फूर्तिमियर्ति विस्तारं याति। पुनः तेषां धर्मो दानादिभिरुपचयं पोषं याति। पुनस्तेषां अघं पापं प्रणश्यति नाशं याति। पुनस्तेषां स्वर्निर्वाणसुखानि स्वर्गापवर्गसुखानि संनिदधते समीपमायांति। ये शीलं बिभ्रते तेषां

एतानि भवंति ॥ ३८ ॥

अर्थ—जो पवित्र शीलव्रत पालन करता है वह आसानी से स्वर्ग मोक्ष की रचना करता है। उसे स्वर्ग मोक्ष पाना सरल है, वह पापरूपी कीचड़ को धोता है, पुण्य का संचय करता है, जगत में उसकी महिमा फैलती है, देवों के समूहको नमस्कार कराता है अर्थात् उसे देव नमस्कार करते हैं घोर उपसर्ग को हनता है अर्थात् उसके घोर उपसर्ग दूर हो जाते हैं ॥ ३८ ॥

मालिनीछन्दः

हरति कुलकलङ्कं लुंपते पापपंकं ।
सुकृतमुपचिनोति श्लाघ्यतामातनोति ॥
नमयति सुरवर्गं हंति दुर्गोपसर्गं ।
रचयति शुचिशीलं स्वर्गमोक्षौ सलीलम् ॥३९॥

व्याख्या—पुनश्च शुचि निर्मलं शीलं ब्रह्मव्रतं कुलस्य कलंकं मलिनतां हरति नाशयति। पुनः शीलं पापमेव पंकं कर्दमं लुंपते छिनत्ति। पुनः शुचि निर्मलं शुद्धं शीलं सुकृतं पुण्यं उपचिनोति वर्द्धयति। पुनः श्लाघ्यतां प्रशस्यतां आतनोति विस्तारयति। पुनः शीलं सुरवर्गं नमयति देवसमूहं नम्रीकरोति। पुनः शीलं दुर्गोपसर्गं रौद्रोपसर्गं उपद्रवं हंति। पुनः शीलं कर्तृ सलीलं यथास्यात्तथा लीलयैव हेलामात्रेण स्वर्गमोक्षौ रचयति ददातीत्यर्थः ॥ ३९ ॥

अर्थ—जो अखंड शीलव्रत धारण करते हैं, उनके व्याघ्र सर्प जल अग्नि आदि कृत आपत्तियां नष्ट हो जाती हैं, वे कल्याणसे सुशोभित होते हैं, देव सन्मुख आकर नम्र होते हैं, उनकी कीर्ति

स्फुरायमान होती है, धर्म वृद्धि को प्राप्त होता है, पाप नष्ट होता है और स्वर्ग तथा मोक्ष के सुख को प्राप्त करते हैं ॥ ३९ ॥

पुनः शीलादिह लोकेऽपि कष्टानि यांतीत्याह—

शार्दूलविक्रीडितछन्दः

तोयत्यग्निरपि स्रजत्यहिरपि व्याघ्रोपि सारंगति ।
व्यालोप्यश्वति पर्वतोऽप्युपलति क्ष्वेडोऽपि पीयूषति ॥
विघ्नोऽप्युत्सवति प्रियत्यरिरपि क्रीडातडागत्यपां—
नाथोऽपि स्वगृहत्यटव्यपि नृणां शीलप्रभावा[1]द् ध्रुवं ॥४०॥

व्याख्या—नृणां मनुष्याणां ध्रुवं निश्चितं शीलप्रभावात् अग्निरपि तोयति तोयमिवाचरति जलवत् शीतलं स्यात् । तथा अहिरपि सर्पोपि स्रजति स्रगिवाचरति पुष्पमाला इवाचरति पुनः शीलप्रभावातद् व्याघ्रोऽपि सिंहोपि सारंगति सारंग इव हरिण इवाचरति । पुनर्व्यालोपि दुष्टगजोपि अश्वति अश्व इवाचरति तथा विषमः पर्वतोपि उपलति उपल इवाचरति सामान्य-पाषाण इवाचरति पुनः क्ष्वेडोपि विषमपि पीयूषति पीयूष इवाचरति अमृतमिवाचरतीत्यर्थः । विघ्नोप्यंतरायोपि आपदपि उत्सवति उत्सव इवाचरति । विघ्नोप्युत्सव एव भवति । तथा अरिरपि शत्रुरपि प्रियति प्रिय इवाचरति । शत्रुरपि प्रिय एव भवति । तथा अपांना-थोपि समुद्रोऽपि क्रीडातडागति खेलनसरोवर इवाचरति । अटव्यपि अरण्यमपि स्वगृहति स्वगृहमिवाचरति । नृणां शीलप्रभावादेतानि

---

1 शीलप्रभावान्नृणाम् इति पाठान्तरम् ।

वस्तूनि भवन्ति ॥ ४८ ॥ सुदर्शन सेठ वंकचूलि रावणकथा वाच्या इति ब्रह्म प्रक्रमः।

अर्थ—मनुष्यों के शील के प्रभाव से निश्चय ही अग्नि भी जल रूप में परिणत हो जाती है, सर्प पुष्पमाला रूप हो जाता है, बाघ हिरण के भाव को प्राप्त हो जाता है, भयंकर हस्ती घोड़े के भाव को प्राप्त हो जाता है, महान पर्वत भी छोटे पत्थर रूप हो जाता है, विष अमृत में परिणत हो जाता है, विघ्नकारक पदार्थ उत्सव रूप में परिणमते हैं, शत्रु भी मित्र सरीखा व्यवहार करने लग जाता है, समुद्र भी क्रीड़ा करने का तालाब रूप हो जाता है, भयंकर अटवी (वनी) अपने गृह रूप हो जाती है, ऐसा शील का अद्भुत माहात्म्य जान कर उसे दृढ़ता से पालन करना चाहिये, अनेक संकटों के आने पर भी सुमेरु पर्वत तुल्य अडिग रहना चाहिये इसी से मनुष्य जन्म की शोभा है।

शीलव्रत के बाबत कहा है—

अंकस्थाने भवेच्छीलं, शून्यकाऽहिंसव्रतादिकम् ।
अंकस्थाने पुनर्नष्टे, सर्वं शून्यव्रतादिकम् ॥

अर्थ—शीलव्रत १, २, ३, ४, ५ आदि अङ्कों के समान है, और अहिंसा, सत्य आदि व्रत ० ० ० ० ० शून्यों के समान हैं। १, २, ३, ४, ५ आदि अंकों के अभाव में ००००० शून्यों का मूल्य नहीं है उसी प्रकार शीलव्रत पालन पूर्वक ही व्रतों का परिपालन सफलता का सूचक है। शीलव्रत रहित अहिंसादि का पालन निष्फल है। ब्रह्मचर्य (शील) का माहात्म्य देखिये—

शुचि भूमिगतं तोयं, शुचिर्नारी पतिव्रता ।
शुचिर्धर्मपरो राजा, ब्रह्मचारी सदा शुचिः ॥

अर्थ—भूमिगत कूप का जल शुद्ध होता है, पतिव्रता स्त्री पवित्र होती है, धर्मात्मा राजा पवित्र माना गया है और ब्रह्मचारी पुरुष सदा पवित्र होता है ॥ ४० ॥

अथ परिग्रहदोषानाह—

शार्दूलविक्रीडितछन्दः

कालुष्यं जनयन् जडस्य रचयन्धर्मद्रुमोन्मूलनं
क्लिश्नन्नीतिकृपाक्षमाकमलिनीं लोभाम्बुधिं वर्द्धयन् ।
मर्यादातटमुद्रुजन्छुभमनोहंसप्रवासं दिशन्
किन्न क्लेशकरः परिग्रहनदीपूरः प्रवृद्धिं गतः ॥४१॥

व्याख्या—परिग्रहो धनधान्यक्षेत्रगृहरूप्यसुवर्णकुप्यद्विपदःचतुः पदानां संग्रहोमूर्च्छा स एव नदीपूरः सरित्प्रवाहः प्रवृद्धिं गतः उपचयं प्राप्तः सन् । किं क्लेशकरः कष्टदायी न स्यात् अपितु स्यादेव । किं कुर्वन् जडस्य परिग्रहसंग्रहं कर्तुं मूर्खजनस्य कालुष्यं क्लिष्टाध्यवसायत्वं जनयन् उत्पादयन् अन्योपि नदीपूरोपि प्रवृद्धः सन् जलस्य पानीयस्य कालुष्यं अविलत्वं जनयति । डलयोरैक्यं जडस्य जलस्य । पुनः किं कुर्वन् धर्म एव द्रुमो वृक्षः तस्योन्मूलनं उत्पाटनं रचयन् कुर्वन् अन्योपि नदीपूरः प्रवृद्धोवृक्षाणां उत्पाटनं करोति । पुनः किं कुर्वन् नीतिकृपाक्षमाकमलिनी नीतिर्न्यायः कृपा

दया क्षमा क्षांति ता एव कमलिन्यः ताः क्लिश्यन् पीडयन् अन्योपि नदीपूरः कमलिनीः पीडयति। पुनः किं कुर्वन् लोभांबुधिं वर्द्धयन् लोभ एव अम्बुधिः समुद्रस्तं वर्द्धयन् वृद्धिं नयन्। "जहालाहो तहा लोहो" इति। पुनः किं कुर्वन् धर्मस्य मर्यादा एव तटं चरणविधिरूपं तटं उद्रुजन् पीडयन् भञ्जयन्। अन्योपि नदीपूरः प्रवृद्धः सन् तटं पातयति। पुनः किं कुर्वन् शुभमनोहंसप्रवासं दिशन्। शुभं धर्मध्यान-सहितं यन्मनस्तदेव हंसस्तस्य प्रवासं परदेशगमनं दिशन् आदिशन्। अन्योपि नदीपूरो हंसान् उड्डापयति (उल्लापयति) ईदृशो मूर्च्छा परिग्रहः क्लेशकरः स्यात् ॥ ४१ ॥

अर्थ—इस पद्यमें परिग्रह का वर्णन किया है कि परिग्रह कैसा अनर्थकारक है—हृदय की कलुषता को पैदा करता हुआ, अज्ञानता को रचता हुआ, धर्म रूपी वृक्ष को उखाड़ता हुआ, नीति दया क्षमा रूपी कमलिनी को क्लेश पहुँचाता हुआ, लोभरूपी समुद्र को बढ़ाता हुआ, मर्यादा रूप तट को उखाड़ता हुआ, शुभ मन रूप हंस को परदेश गमन कराता हुआ परिग्रह रूपी नदी का प्रवाह वृद्धि को प्राप्त हुआ क्या क्या अनर्थ नहीं करता किन्तु सारे ही अनर्थों का मूल कारण है। इसप्रकार परिग्रह को बुरा जान उसका परिमाण करना योग्य है। अर्थात् लोभ कषाय को रोकनेके लिये परिग्रह की मर्यादा बांधना चाहिये।

भूयोपि परिग्रहदोषानाह—

मालिनीछन्दः

कलहकलभविन्ध्यः क्रोधगृध्रश्मशानं।
व्यसनभुजगरन्ध्रं द्वेषदस्युप्रदोषः ॥

सुकृतवनदवाग्निर्मार्दवाम्भोदवायु ।
र्नयनलिनतुषारोऽत्यर्थमर्थानुरागः ॥४२॥

व्याख्या—अत्यर्थ अर्थानुरागः परिग्रहो परिमूर्छा रागः ईदृशोऽस्ति। कथंभूतः कलह एव कलभो बालहस्ती तस्य विंध्यो विंध्याचल यथा विंध्याचले कलभः क्रीडति तथा अत्यर्थे अर्थानुरागे द्रव्यरागे कलहो भवति। तथा क्रोधगृध्रश्मशानं क्रोध एव गृध्रः पक्षिविशेषस्तस्य श्मशानं प्रेतवनं, यथा गृध्रः श्मशाने रमते तथा क्रोधः। पुनःव्यसनभुजगरन्ध्रं व्यसनमेव कष्टमेव भुजगः सर्पस्तस्य बिलं। पुनर्द्वेषदस्युप्रदोषःद्वेष एव दस्युश्चौरस्तस्य प्रदोषः संध्यासमयः। प्रदोषे चौराणां बलं भवति तथा सुकृतवनदवाग्निः सुकृत एव पुण्यमेव वनं तस्य दवाग्निः दावानलः। पुनर्मार्दवाम्भोदवायुः, मार्दवं मृदुत्वं कोमलत्वं तदेव अंभोदो मेघस्तत्र वायुः। पुनर्नयनलिनतुषारः-नयो न्याय एव नलिनं कमलं तत्र तुषारो हिमं। अत्यर्थ द्रव्यानुरागो लोभो ईदृशोऽस्ति। अतो न कर्तव्यः॥ ४२॥

अर्थ—पदार्थों में अतिशय अनुराग सत्पुरुषों द्वारा त्यागने योग्य है। क्यों कि अधिक अनुराग ही परिग्रह है, अधिक ममता से निकृष्ट कर्मों का बन्ध होता है, उसी का वर्णन किया जाता है:—कलह (लड़ाई) रूप जो हाथी का बच्चा उसके निवास के लिये विन्ध्याचल पर्वत के तुल्य है अर्थात् परिग्रह ही कलह का कारण है, इसी के कारण भाई भाई का शत्रु बन जाता है, क्रोध रूपी गृद्ध पक्षी के निवास का स्थान-श्मशान के समान है अर्थात् परिग्रह के कारण ही क्रोध उत्पन्न होता है। सात व्यसन रूपी सर्प के बिल के समान है, द्वेष रूप चोर को रात्रि के समान

है, पुण्य रूप वन को दावानल समान है, कोमल परिणाम रूप मेघ के उड़ाने के लिये पवन समान है। [परिग्रह की तृष्णा के कारण कोमल परिणाम कभी हो नहीं सकते] तथा नय रूप जो कमल उसको जलाने के लिये तुषार के तुल्य है ऐसा विचारकर पदार्थों में अतिशय अनुराग त्यागने योग्य है।

पुनरपि परिग्रहदोषमाह—

शार्दूलविक्रीडितछन्दः

प्रत्यर्थी प्रशमस्य मित्रमधृतेर्मोहस्य विश्रामभूः।
पापानां खनिरापदांपदमसद्ध्यानस्य लीलावनं॥
व्याक्षेपस्य निधिर्मदस्य सचिवः शोकस्य हेतुः कलेः।
केलीवेश्मपरिग्रहः परिहृतेर्योग्यो विविक्तात्मनां॥४२॥

व्याख्या—भो भव्याः! अयं परिग्रहो मूर्च्छाभिकय विविक्तात्मनां विवेकवतां पुंसां परिहृतेः परिहारस्य योग्यः परिहर्तुमुचितः। कीदृशः प्रशमस्य उपशमस्य प्रत्यर्थी शत्रुः। पुनः अधृतेः असंतोषस्य मित्रं सुहृत्। पुनर्मोहस्य मोहनीयकर्मणः वा विश्रामभूः विश्रामस्थानं। पुनः पापानां अशुभकर्मणां खनिः खानिः। पुनरापदां कष्टानां पदं आस्पदं। पुनरसद्ध्यानस्य आर्तरौद्रध्यानस्य लीलावनं क्रीडावनं। पुनर्व्याक्षेपस्य व्याकुलस्य निधिर्निधानं। पुनर्मदस्य अहंकारस्य सचिवो मंत्री। पुनः शोकस्य हेतुः कारणं। पुनः कलेः कलहस्य केलीवेश्म क्रीडागृहमित्यर्थः॥ ४२॥

अर्थ—कैसा है परिग्रह:-समता भाव का शत्रु है, अधैर्य का मित्र है अर्थात् परिग्रही के किसी कार्य में धैर्य नहीं रहता, मोह

के विश्राम करने की भूमि है, पापों की खानि है, आपत्तियों का स्थान है, खोटे ध्यान का क्रीड़ावन है, व्याकुलताका भण्डार है, आठ मदों का मन्त्री अर्थात् सहायक है, शोक का कारण है, कलह का क्रीड़ागृह है, ऐसा अनेक अनर्थों का कारण परिग्रह विरक्त चित्त पुरुषों द्वारा त्याग करने योग्य है ॥ ४३ ॥

शार्दूलविक्रीडितछन्दः

वह्निस्तृप्यति नेन्धनैरिह यथा नांभोभिरंभोनिधिस् ।
तद्वन्मोहघनो घनैरपि धनैर्जन्तुर्न संतुष्यति ॥
न त्वेवं मनुते विमुच्य विभवं निःशेषमन्यं भवं ।
यात्यात्मा तदहं मुधैव विदधाम्येनांसि भूयांसि किं ॥४४॥

व्याख्या—यथा वह्निः घनैरपि इन्धनैः समिभ्दिर्न तृप्यति न तृप्ति याति । पुनर्यथा अंभोनिधिः समुद्रः अंभोभिर्जलैः कृत्वा न तृप्यति तद्वत् तथोर्वत् जंतुः प्राणी जातु कदाचित धनैरपि बहुभिर्धनैः द्रव्यः कृत्वा न संतुष्यति न संतोषं प्राप्नोति । कथंभूतो जन्तुः मोहेन घनो निविडः तु पुनः जन्तुः एवं न मनुते न जानाति यदयं आत्मा जीवो निःशेषं समस्तं विभवं द्रव्यं विमुच्य त्यक्त्वा अन्यंभवं अपरं जन्म परभवं याति तत् तस्मात् कारणात् अहं मुधैव वृथैव भूयांसि प्रचुराणि एनांसि पापानि किं किमर्थं विदधामि करोमि एवं न जानामि ॥ ४४ ॥ अत्र नन्दराजकथा प्रसिद्धा ।—इति परिग्रहप्रक्रमः

अर्थ—जैसे इस संसार में अग्नि ईंधन से तृप्त नहीं होती है, जल से समुद्र तृप्त नहीं होता उसी प्रकार अत्यन्त लोभी प्राणी अधिक धन होने पर भी संतोष को प्राप्त नहीं होता और यह मेरा

आत्मा तो सम्पूर्ण विभव को छोड़ कर परभव को चला जाता है तो फिर मैं व्यर्थ ही अनेक घोर पापों को क्यों करता हूँ ? ऐसा कभी भी विचार नहीं करता है।

भावार्थ—अगर संसार का समस्त धन भी इसे प्राप्त हो जाय तो भी कभी यह मोही प्राणी सन्तोष धारण नहीं करता। तथा यह जगत का वैभव कभी साथ भी नहीं आता सब यहीं पर पड़ा रह जाता है तो मैं क्यों पापोपार्जन करूं ? जिससे नरक तिर्यञ्च आदि की भयंकर घोर वेदनाओंका सामना करना पड़े ऐसा कभी विचार विमर्श नहीं करता ॥ ४४ ॥

तत्र नंदराजाकथा।

अथ क्रोधजयार्थ-मुपदेशमाह—

शार्दूलविक्रीडितछन्दः

यो मित्रं मधुनो विकारकरणे संत्राससंपादने।
सर्पस्य प्रतिबिम्बमङ्गदहने, सप्तार्चिषः सोदरः॥
चैतन्यस्य निषूदने विषतरोः सब्रह्मचारी चिरं।
स क्रोधः कुशलाभिलाषकुशलैः निर्मूलमुन्मूल्यतां॥४५॥

व्याख्या—आत्मनः श्रेयोवाञ्छाचतुरैर्नरैः स क्रोधः कोपो निर्मूलं समूलं यथा स्यात् तथा उन्मूल्यतां उच्छिद्यतां सः कः यः क्रोधः विकारकरणे चित्तादिविकारविधाने मधुनो मद्यस्य मित्रं सुहृत्। पुनर्यः क्रोधः संत्राससंपादने भयजनने सर्पस्य प्रतिबिम्बं सर्पसदृशं। पुनर्यः क्रोधः अंगदहने शरीरप्रज्वालने सप्तार्चिषोऽग्नेः

सोदरोऽग्नेर्भ्राता। पुनः यः क्रोधः चैतन्यस्य ज्ञानस्य निपूरने विनाशने विषतरोः विषवृक्षस्य चिरमतिशयेन सब्रह्मचारी सहपाठी ॥ ४५ ॥

अर्थ—जो क्रोध चित्त को विकृत करने में मद्य का मित्र है अर्थात् शराब जैसा विकारी है [क्रोध के कारण विवेक नष्ट हो जाता है] भय के उत्पन्न करने में सर्प तुल्य है, शरीर को जलाने में अग्नि के समान है अर्थात् क्रोध के आवेश में आकर प्राणी अग्नि समान जाज्वल्यमान होने लगता है, चेतन (आत्मा) के जीवन को नष्ट करने में विषवृक्ष का चिरकाल साथी है अर्थात् विषवृक्ष के समान है। आत्मा का हित चाहने वाले चतुर पुरुषों द्वारा वह क्रोध जड़से उखाड़ दिया जाना चाहिये।

भावार्थ—आत्मकल्याण के इच्छुक पुरुषों को चाहिये कि ऐसा क्रोध कभी न करें जिससे हेयोपादेय रहित बुद्धि हो जाय अतः क्रोध का सर्वथा त्याग करना ही श्रेयस्कर है ॥ ४५ ॥

हरिणीछन्दः

फलति कलितश्रेयःश्रेणीप्रसूनपरम्परः।
प्रशमपयसा सिक्तो मुक्तिं तपश्चरणद्रुमः॥
यदि पुनरसौ प्रत्यासत्तिं प्रकोपहविर्भुजो।
भजति लभते भस्मीभावं तदा विफलोदयः॥४६॥

व्याख्या—तपश्चारित्ररूपएव द्रुमो वृक्षः मुक्तिं मोक्षं फलति निष्पादयति। कथंभूतः कलितश्रेयःश्रेणीप्रसूनपरम्परः कलिता

उत्पादिता श्रेयसां पुण्यानां कल्याणानां वा श्रेणिः राजिरेव प्रसूनानां पुष्पाणां परम्परा पंक्तिर्येन सः। पुनः कथंभूतः प्रशम एव उपशम एव पयो जलं तेन सिक्तः सेकं प्रापितः। यदि पुनः परं तु असौ तपश्चरणद्रुमः प्रकोपहविर्भुजः क्रोधवह्नेः प्रत्यासत्तिं सामीप्यं भजति आश्रयति तदा भस्मीभावं भस्मरूपतां लभते प्राप्नोति। कथंभूतः विफलोदयः विगतः फलस्योदयो यस्य फलोदयरहितः ॥ ४६ ॥

अर्थ—शान्त परिणाम रूपी जल से सींचा हुआ तपश्चरणरूपी वृक्ष अनेक पुण्य समूह रूप पुष्पों की पंक्तियों से सुशोभित होता हुआ मोक्ष रूपी फल को फलता है (मोक्षफल को देता है) यदि वह तप रूपी वृक्ष क्रोध रूपी अग्नि की निकटता को प्राप्त हो तो फिर बिना फल दिये ही दग्ध हो जाता है।

भावार्थ—मुक्तिरूपी फल को देनेवाला तप रूपी वृक्ष है। अगर क्रोध-अग्नि का सेवन हो जाय तो वह तपवृक्ष भस्म हो जाय अतः क्रोध का त्याग कर देना ही कल्याणकारी है ॥ ४६ ॥

पुनः क्रोधदोषानाह—

शार्दूलविक्रीडितछन्दः

संतापं तनुते भिनत्ति विनयं सौहार्दमुत्सादय-
त्युद्वेगं जनयत्यवद्यवचनं सूते विधत्ते कलिं ॥
कीर्तिं कृन्तति दुर्मतिं वितरति, व्याहन्ति पुण्योदयं।
दत्ते यः कुगतिं स हातुमुचितो, रोषः सदोषः सतां ॥४७॥

व्याख्या—स रोषः क्रोधः सतां सत्पुरुषाणां हातुं त्यक्तुं

वर्जितो योग्योऽस्ति । कथंभूतः रोषः सदोषः अनेकदोषैः सहितः । सः कः यो रोषः संतापं चित्तोद्वेगं तनुते विस्तारयति । पुन र्यो रोषो विनयं विनयगुणं भिनत्ति विदारयति विनाशयति । पुनर्यो रोषः सौहार्द्रं मित्रभावं उत्सादयति विनाशयति । पुनर्यः उद्वेगं वच्चाटनं जनयति । पुनर्यः अवद्यवचनं असत्यवचनं सूते उत्पादयति । पुनर्यः कलिं कलहं विधत्ते करोति । पुनर्योरोषः कीर्तिं यशः कीर्तिं कृन्तति छिनत्ति । पुनर्योदुर्मतिं दुष्टबुद्धिं वितरति-दत्ते । पुनर्यः पुण्योदयं धर्मस्य उदयं व्याहंति विनाशयति । पुनर्यः कुगतिं नरकतिर्यग्गतिं दत्ते ददाति । स रोषः सतां हातुमुचितः ॥ ४७ ॥

(अर्थ—जो क्रोध सन्ताप को बढ़ाता है विनय को नष्ट करता है, मित्रता को उखाड़ देता है, अर्थात् जिससे मित्रता नष्ट हो जाती है, उद्वेग को उत्पन्न करता है, निन्द्य वचन को उत्पन्न करता है, कलह करता है, कीर्ति को काट डालता है अर्थात नष्ट कर देता है, कुबुद्धि पैदा करता है, पुण्य के उदय को नष्ट कर देता है, कुगति को देता है अर्थात् मर कर प्राणी कुगति में जाता है ऐसा अनेक दोषोंको उत्पन्न करने वाला वह क्रोध सज्जन पुरुषों द्वारा त्याग करने योग्य है ॥४७॥)

शार्दूलविक्रीडितछन्दः

यो धर्मं दहति द्रुमं दव इवोन्मथ्नाति नीतिं लतां ।
दंतीवेन्दुकलां विधुंतुद इव क्लिश्नाति कीर्तिं नृणां ॥
स्वार्थं वायुरिवाम्बुदं विघटयत्युल्लासयत्यापदं ।
तृष्णां धर्म इवोचितः कृतकृपालोपः स कोपः कथं ॥४८॥

व्याख्या—यो धर्मं दहति स कोप क्रोधः कथं केनोपायेनोचितः योग्यः स्यात् अपि तु न कथमप्युचितः। सः कः यः कोपो धर्मं श्रेयो दहति भस्मीकरोति। कः किमिव दवो दावानलो द्रुममिव यथा दावानलो द्रुमंवृक्षं दहति। पुनर्यो नीतिंन्यायं उन्मथ्नाति उन्मूलयति कः कामिव दन्ती हस्ती लतामिव यथा हस्ती लतामुन्मूलयति। नृणां मनुष्याणां कीर्तिं क्लिश्नाति पीडयति गमयति। कः कामिव विधुंतुदो राहुरिंदुकलां चन्द्रलेखामिव। पुनर्यो रोषः स्वार्थं विघटयति। स्फेटयति कः कमिव वायुरंबुदमिव यथा वायुर्मेघं विघटयति पुनर्यः आपदं कष्टं उल्लासयति। विस्तारयति कः कामिव घर्म्मः भीष्मः तृष्णामिव। यथा तपस्तृष्णां तृषां वर्द्धयति। पुनः कथंभूतः कोपः कृतकृपालोपः कृतः विहितः कृपाया दयाया लोपो विनाशो येन सः ॥४८॥

इति क्रोधप्रक्रमः

अर्थ—जो क्रोध वृक्ष को दावानल अग्नि के समान मनुष्यों के धर्म को जला देता है, लता को हाथी के समान नीति को उखाड़ देता है, चन्द्रमा की कला को राहु के समान कीर्ति को मलिन कर देता है, मेघ को पवन के समान स्वार्थ को नष्ट कर देता है, प्यास को धूप के समान आपत्तियों को बढ़ाता है और जिस क्रोध के कारण दयाभाव का सर्वथा लोप हो जाता है। ऐसा वह क्रोध करना किस प्रकार उचित है अर्थात् नहीं करना चाहिये। क्योंकि क्रोध महान अनर्थ करता है। इसका त्याग करना ही उचित है ॥ ४८ ॥

अथ मानस्य दोषानाह—

मन्दाक्रान्ता छन्दः

यस्मादाविर्भवति विततिर्दुस्तरापन्नदीनां,
यस्मिन् शिष्टाभिरुचितगुणग्रामनामापि नास्ति ।
यश्च व्याप्तं वहति वधधी धूम्यया क्रोधदावं,
तं मानाद्रिं परिहर दुरारोहमौचित्यवृत्तेः ॥४९॥

व्याख्या—भो भव्यप्राणिन् । औचित्यवृत्तेः उचिताचार करणात् तद्योग्यविनयविधानात् तं मानाद्रिं मान अहंकार एव अद्रिस्तं अहंकारपर्वतं परिहर त्यज मुञ्च । तं कं यस्मात् मानाद्रेः दुस्तरा तरीतुं अशक्या आपन्नदीनां कष्टरूपनदीनां विततिः श्रेणि-राविर्भवति प्रकटीभवति । अन्यस्मादप्यद्रेर्नदीनां विततिः प्रादु-र्भवति । यश्च यस्मिन् मानाद्रौ शिष्टाभि रुचितगुणग्रामनामापि नास्ति । शिष्टानां उत्तमानां अभिरुचिताः प्रीतिदायिनो ये गुणा ज्ञानादयः औदार्यादयो वा तेषां ग्रामः समूहस्तस्य नामापि नास्ति गुणानां लव लेशोपि न । पुनर्यो मानाद्रिः क्रोधदावानलं वहति धत्ते । कथंभूतं क्रोधदावं वधधी धूम्यया व्याप्तं । हिंसाबुद्धिधूमसमूहेनाकीर्णं । पुनः कथंभूतं दुरारोहं आरोढुमशक्यं अथवा औचित्यवृत्तेः योग्यताया दुरारोहं ॥४९॥

अर्थ—जिस (मानकषाय) से अहंकार रूपी पर्वत से कठिनता से पार करने योग्य आपत्तिरूपी नदियों का समूह निकलता है अर्थात् मान के कारण ही अनेक आपत्तियां सिर पर आती हैं, जिस मानरूपी पर्वत में सज्जन पुरुषों द्वारा ग्रहण करने योग्य गुण रूपी

प्राम का नाम भी नहीं है अर्थात् अहंकार के कारण मनुष्य के सब गुण नष्ट हो जाते हैं, और जो मान हिंसा बुद्धिरूपी धूम से चारों तरफ फैल कर क्रोधरूपी अग्नि को धारण करता है। (मान के कारण जीवों की हिंसक बुद्धि तथा क्रोधाग्नि जाज्वल्यमान हो जाती है) ऐसे बस कठिनता से पार करने योग्य मानरूपी पर्वत को उचित कार्यों से, सदाचरण से त्याग देना चाहिये ॥ ४९ ॥

भूयोमानदोषानाह —

शिखरिणी छन्दः

शमालानं भञ्जन्विमलमतिनाडीं विघटयन्,
किरन्दुर्वाक्पांशूत्करमगणयन्नागमसृणिम्।
भ्रमन्नुर्व्यां स्वैरं विनयवनवीथीं विदलयन्।
जनः किं नानर्थं जनयति मदांधो द्विप इव ॥५०॥

व्याख्या—मदान्धो जनः किमनर्थं न जनयति मदेन अहंकारेण अन्धो गतेक्षणो जनः कं कं अनर्थं न जनयति नोत्पादयति अपि तु सर्वं अनर्थं जनयति क इव द्विप इव मत्तगज इव यथा मदांधो द्विपो अनर्थं उपद्रवं जनयति। किं कुर्वन् शमालानं भंजन् शम एव उपशम एव आलानं गजबन्धनस्तम्भं भंजन् उन्मूलयन्। पुनः किं कुर्वन् विमलमतिनाडीं निर्मलबुद्धि एव नाडी बन्धनरज्जुतां विघटयन् त्रोटयन्। पुनः किं कुर्वन् दुर्वाक्पांशूत्करं दुर्वागेव दुर्वचनमेव पांशु धूलिस्तस्याः उत्करं समूहं किरन् विक्षिपन्। पुनः आगम एव सिद्धांत एव सृणिः अंकुशस्तं अवगणयन् अविचारयन्। पुनर्विनयवनवीथीं

विनय एव नयवीथी न्यायश्रेणिस्तां निर्दलयन् विध्वंसयन् अन्धोपि मदांधो हस्ती एतानि वस्तूनि करोति ॥ ५० ॥

अर्थ—मदान्ध पुरुष की चेष्टा का वर्णन करते हुये आचार्य कहते हैं कि-मान कषाय कैसी है—समता भाव रूपी बन्धन के खम्भे को उखाड़ता हुआ, निर्मल बुद्धिरूपी सांकल को तोड़ता हुआ, दुर्वचन रूपी धूल के समूह को बखेरता हुआ, आगमरूपी अंकुश को नहीं गिनता हुआ पृथ्वीतल में इच्छानुसार भ्रमण करता हुआ, विनय रूपी मार्ग की गली को दलमलीन करता (कुचलता) हुआ अहंकार से अन्धा पुरुष मदोन्मत्त हाथी के समान क्या क्या अनर्थ नहीं करता ? किन्तु सभी प्रकार के अनर्थ कर डालता है अतः मान कषाय को त्याग कर मार्दव धर्म धारण करना योग्य है ॥ ५० ॥

पुनराह—

शार्दूलविक्रीडितछन्दः

औचित्याचरणं विलुंपति पयोवाहं नभस्वानिव ।
प्रध्वंसं विनयं नयत्यहिरिव प्राणस्पृशां जीवितम् ॥
कीर्तिं कैरविणीं मतङ्गज इव प्रोन्मूलयत्यंजसा ।
मानो नीच इवोपकारनिकरं हन्ति त्रिवर्गं नृणां ॥५१॥

व्याख्या—मानोऽहंकारो नृणां पुंसां त्रिवर्गं धर्मार्थकाम-रूपं हंति नाशयति कः कमिव नीचोमनुष्यः उपकारनिकरमिव यथा नीच उपकारसमूहं हंति तथा। पुनःमान औचित्याचरणं योग्याचारं विलुंपति स्फेटयति कः कमिव नभस्वान् वायुः पयोवाहमिव। पुन-

मानः प्राणभृतां प्राणिनां विनयं अभ्युत्थानादिकं अध्वंसं क्षयं नयति कः कमिव अहिः सर्पो जीवितमिव यथा सर्पो जीवितं क्षयं नयति। पुनरंजसा वेगेन कीर्तिं प्रोन्मूलयति कः कामिव मत्तंगजो हस्ती कैरविणीं कमलिनीं प्रोन्मूलयति तद्वत् ॥ ५१ ॥

अर्थ—तीव्र पवन जैसे बादलों को नष्ट कर देता है अर्थात् वायु के वेग से जिस प्रकार सब बादल बिघट जाते हैं उसी प्रकार मान कषाय के कारण मनुष्य का उचित आचार विचार नष्ट हो जाता है, जीवों के जीवन को जैसे सांप नष्ट कर देता है वैसे ही मान विनयगुण को नष्ट कर देता है (अहंकारी के विनय भाव कदापि नहीं होता) कमलिनी को जैसे हाथी उखाड़ डालता है वैसे कीर्ति को शीघ्र ही नष्ट कर देता है—मान के कारण कीर्ति नष्ट हो जाती है, और उपकारी के उपकार को जैसे नीच पुरुष नष्ट कर देता है। अर्थात् किये हुये उपकार को भूलकर नीच मनुष्य उपकार करने वाले का अहित कर डालता है उसी प्रकार मान कषाय मनुष्यों के धर्म, अर्थ, काम इन तीनों पदार्थों (पुरुषार्थों) का नाश कर देता है ॥ ५१ ॥

भूयश्चाह—

वसन्ततिलकाछन्दः

मुष्णाति यः कृतसमस्तसमीहितार्थं।
संजीवनं विनयजीवितमङ्गभाजां ॥
जात्यादिमानविषजं विषमं विकारं।
तं मार्दवामृतरसेन नयस्व शांतिम् ॥५२॥

व्याख्या—यो मानोऽङ्गभाजां प्राणिनां विनयजीवितं विनय-गुणरूपं जीवितं मुष्णाति उच्छिनत्ति। कथंभूतं विनयजीवितं कृतसमस्त-समीहितार्थं संजीवनं कृतं समस्तानां समीहितानां वांछितार्थानां संजीवनं येन तत् तं जात्यादिमानविषजं जातिलाभकुलैश्वर्यबलरूप-तपःश्रुतानां मानोऽहंकार एव विषं तस्मात्समुद्भवं उत्पन्नं विषमं घोरं विकारं मार्दवामृतरसेन मृदुतासुधारसेन शांतिं उपशमं नयस्व प्रापय ॥ ५२ ॥ मानत्यागे बाहुबलिदृष्टान्तः—

इति मानप्रक्रमः।

अर्थ—जो मान प्राणियों के सम्पूर्ण वाञ्छितार्थरूप तथा संजीवन औषधि स्वरूप विनय को चुरा लेता है अर्थात् मान (अहंकार) के सद्भाव में पूज्य पुरुषों के प्रति आदर सत्कार की भावना रूप विनय गुण सर्वथा नष्ट हो जाता है अतः उस जात्यादि आठ प्रकार (जातिमद, कुलमद, बलमद, ऋद्धिमद, तपमद, शरीर-मद, ज्ञानमद, ऐश्वर्यमद) के मद रूप विष से उत्पन्न हुये विषम विकार अर्थात् रोग को मार्दव धर्म (कोमल परिणाम) रूप अमृत पान से शान्त करो। मान रूपी रोग को मार्दवामृत से शान्त करना चाहिये ॥ ५२ ॥

अथ मायात्यागमाह—

मालिनीछन्दः

कुशलजननवन्ध्यां सत्यसूर्यास्तसन्ध्यां।
कुगतियुवतिमालां मोहमातंगशालाम् ॥

शमकमलहिमानीं दुर्यशोराजधानीं ।
व्यसनशतसहायां दूरतो मुञ्च मायाम् ॥५३॥

व्याख्या—भो भव्यजन ! मायां कपटं दूरतो मुञ्च त्यज । कथंभूतां मायां कुशलस्य क्षेमस्य जनने उत्पादने वंध्यां वंध्यास्त्रीरूपां पुनः सत्यमेव सूर्यस्तस्यास्तमनाय संध्या तां । पुनः कथंभूतां कुगतिरेव युवतिस्तस्या वरणमाला तां । पुनः मोह एव मातंगस्तस्यशाला बंधनस्थानम् तां । पुनः किंभूतां शम एव उपशम एव कमलानि तेषां हिमानी हिमसंहतिः तां । पुनः किंभूतां दुर्यशः अपकीर्तिःतस्य राजधानी निवासनगरी तां । पुनः किंभूतां व्यसनानां कष्टानां शतानि सहायाः यस्याः सा तां ईदृशीं मायां दूरतो मुञ्च त्यज ॥ ५३ ॥

अर्थ—इस पद्य में मायाचारी के त्याग का उपदेश है वह माया कैसी है—कल्याण के उत्पन्न करने में बन्ध्या स्त्री के समान है (मायावी व्यक्ति के कभी भी कल्याण की भावना उत्पन्न नहीं हो सकती), सत्य वचन रूपी सूर्य के अस्त होने के लिये सन्ध्या के समान है, मोह रूपी हाथी के लिये शाला के समान है, समता भाव रूपी कमलों को नाश करने के लिये तुषार [पाला] समान है, अपकीर्तिकी राजधानी है, सैंकड़ों व्यसनों को उत्पन्न करने में सहायक है ऐसी माया कषाय को दूर ही से त्याग देना चाहिये ॥ ५३ ॥

पुनराह—

उपेन्द्रवज्राछन्दः

विधाय मायां विविधैरुपायैः ।
परस्य ये वञ्चनमाचरन्ति ॥
ते वञ्चयन्ति त्रिदिवापवर्ग-
सुखान्महामोहसखाः स्वमेव ॥५४॥

व्याख्या—ये जनाः विविधैर्नानाप्रकारैरुपायैः मायां कपटं विधाय कृत्वा परस्य अन्यजनस्य वञ्चनं आचरन्ति कुर्वन्ति ते जनाः महामोहसखाः महदज्ञानयुक्ताः सन्तः त्रिदिवापवर्गसुखान् देवलोक-मोक्षसुखान् स्वमेवात्मानमेव वञ्चयन्ति विप्रतारयन्ति त्याजयन्ति ॥ ५४ ॥

अर्थ—जो लोग अनेक प्रकार से मायाचारी (जालसाजी) करके दूसरे लोगों को ठगते हैं, अन्यथा प्रतिपादन करके मिथ्या-मार्ग में लगाते हैं वे महामोह के मित्र (मोह कर्म के वश होकर) स्वर्ग और मोक्ष के सुख से अपने आपको वंचित करते हैं।

भावार्थ—निष्कपट परिणाम सरीखी अन्य सत्यता संसार में प्रशंसा के योग्य नहीं है और मायाचारी जैसी अन्य असत्यता निन्दा के योग्य नहीं है। कपटी पुरुष के व्रतों का पालन करना, कठिन तपश्चर्या आदि करना सर्व निष्फल है। जो मायावी दूसरों को अपने वाग्जाल में फँसा कर हर्ष मानते हैं वे स्वयं मायाचारी परिणामों से निकृष्ट बन्ध कर अपने आत्माको नर्क गर्त में पतन कराते हैं। इसलिए मायाचार रूप परिणामों के त्यागे बिना इस लोक में,

परलोक में जीवोंको सुख शांति प्राप्त नहीं हो सकती ॥ ५४ ॥

पुनर्मायादोषमाह—

वंशस्थछन्दः

मायामविश्वासविलासमन्दिरं ।
दुराशयो यः कुरुते धनाशया ॥
सोऽनर्थसार्थं न पतन्तमीक्षते ।
यथा विडालो लगुडं पयः पिबन् ॥५५॥

व्याख्या—यो दुराशयो दुष्टचित्तो जनो धनाशया द्रव्यस्य वांछया लोभेन मायां कपटं कुरुते विदधाति स जन आत्मनोऽनर्थ-सार्थं कष्टसमूहं पतन्तं आगच्छन्तं नेक्षते नालोकते। कथं यथा विडालो मार्जारः पयो दुग्धं पिबन् सन् लकुटं दण्डप्रहारं नेक्षते नालोकते। कथंभूतां मायां अविश्वासस्य अप्रतीतेः विलासमन्दिरं क्रीडागृहं मंदिर-शब्दस्य अजहल्लिंगत्वात् ॥ ५५ ॥

अर्थ—जो दुष्ट अभिप्राय [परिणाम] वाला पुरुष धन की इच्छा से अविश्वास के क्रीडा-स्थान रूपी मायाचारी को करता है वह अपने ऊपर आई विपत्तियों को नहीं देखता है। जिस प्रकार दूध को पीता हुआ बिलाव ऊपर से अपने ऊपर पड़ती हुई लकड़ी को नहीं देखता है। खेद है कि मायाचारी दूसरों का अनिष्ट सोचता है परन्तु उस मायाचारी से स्वयं अपना अहित-अनिष्ट हो जाता है इससे वह जरा भी नहीं डरता है ॥५५॥

पुनराह—

वसन्ततिलकाछन्दः

मुग्धप्रतारणपरायणमुज्जिहीते ।
यत्पाटवं कपटलंपटचित्तवृत्तेः ॥
जीर्यत्युपप्लवमवश्यमिहाप्यकृत्वा ।
नापथ्यभोजनमिवामयमायतौ तत् ॥५६॥

व्याख्या—कपटे मायायां लंपटा वांछायुक्ता चित्तवृत्तिमनो-व्यापारो यस्य सः तस्य पुरुषस्य यत्पाटवं चातुर्यं उज्जिहीते उल्लसति तत्पाटवं अवश्यं निश्चयेन आयतौ आगामिकाले उपप्लवं उपद्रवं अकृत्वा अविधाय न जीर्यति न परिणामं याति। किंतु तस्य विपाको भवत्येव किमिव अपथ्यभोजनं आमयमिव यथा अपथ्यं भोजनं जेमनं आमयं रोगं अकृत्वा आयतौ न जीर्यति न याति। कथंभूतं पाटवं मुग्धानां मूर्खाणां प्रतारणे वंचने परायणं तत्परं ॥ ५६ ॥ अत्र मल्लिनाथजीव महाबल दृष्टांतः आषाढभूत दृष्टान्तश्च।

इति मायाप्रक्रमः

अर्थ—सदा कपट करने में तत्पर चित्त रखने वाले पुरुष की भोले पुरुषों को ठगने में जो चतुरता उल्लासमान होती है वह कपट चतुरता अवश्य ही फल देने के काल में जैसे अपथ्य भोजन रोग उत्पन्न किये बिना नहीं रहता—उसी तरह कपट प्रवृत्ति भी लोक में बिना कुछ उपद्रव कष्ट दिए बिना नहीं रहती है। तात्पर्य यह है कि जैसे अपथ्य भोजन करने से रोग अवश्य ही उत्पन्न होता है उसी प्रकार कपटी पुरुष दूसरों को ठग कर भले ही कुछ काल तक

आनन्द मनावें, हर्षित हो पर अन्तमें मायाचारी का फल इस लोक में तो उन्हें भोगना ही पड़ता है और परलोक में भी मर कर दुर्गति के दुःख उन्हें भोगने पड़ते हैं। यह एक अटल सिद्धान्त है कि "यत्करोति तदवश्यमेव भुंक्ते" जो जीव जैसा कर्मोपार्जन करता है उसका अवश्य ही उसे फल भोगना पड़ता है॥ ५६॥

अथ लोभत्यागोपदेशमाह—

शार्दूलविक्रीडितछन्दः

यद्दुर्गामटवीमटन्ति विकटं क्रामन्ति देशान्तरं।
गाहन्ते गहनं समुद्रमतनुक्लेशां कृषिं कुर्वते॥
सेवन्ते कृपणं पतिं गजघटासंघट्टदुःसंचरं।
सर्पन्ति प्रधनं धनान्धितधियस्तल्लोभविस्फूर्जितं॥५७॥

व्याख्या—धनेन विशेन अंधिता अंधप्राया कृता धीर्बुद्धिर्येषां ते ईदृशाः पुरुषाः यत् दुर्गां विषमां अटवीमरण्यं अटंति भ्राम्यन्ति। पुनर्यत् विकटं विस्तीर्णं देशान्तरं क्रामंति भ्रमन्ति। पुनर्यत् गहनं दुरवगाह्यं समुद्रं गाहन्ते उल्लंघयंति। पुनर्यत् अतनुक्लेशां बहुकष्टसाध्यां कृषिकर्षणं क्षेत्रादि कुर्वते विधत्ते। पुनर्यत् कृपणं अदातारं पतिं स्वामिनं सेवंते। पुनर्यत् राजघटानां हस्तिसमूहानां संघट्टनेन दुःसंचरं गंतुमशक्यं प्रधनं युद्धं प्रतिसर्पंति गच्छंति तत् सर्वं लोभस्य विस्फूर्जितं चेष्टितं जानीहि। लोभवशादेतानि वस्तूनि कुर्वन्ति अतः कारणात् लोभस्त्याज्य एव॥ ५७॥

अर्थ—धनके कारण से अन्ध हुई बुद्धि होने के कारण से ही पुरुष गहन अटवी में भ्रमण करते हैं। विदेश में गमन करते हैं, गहरे समुद्र का अवगाहन करते हैं, अधिक क्लेश वाली खेती करते हैं, कंजूस स्वामी की सेवा करते हैं और अनेक हाथियों के संघट्ट होने से चलना है कठिन जहां पर ऐसे युद्ध में जाते हैं यह लोभ का ही तो माहात्म्य है। लोभ के वशीभूत होकर मनुष्य क्या २ पाप नहीं करता ? किन्तु सभी पाप कर बैठता है क्योंकि लोभ ही समस्त पापों का राजा है अतः लोभ का त्याग करना ही उचित है ॥ ५७ ॥

पुनराह—

शार्दूलविक्रीडितछन्दः

मूलं मोहविषद्रुमस्य सुकृताम्भोराशिकुम्भोद्भवः ।
क्रोधाग्नेररणिः प्रतापतरणिप्रच्छादने तोयदः ॥
क्रीडासद्मकलेर्विवेकशशिनः स्वर्भानुरापन्नदी—
सिंधुः कीर्तिलताकलापकलभो लोभः पराभूयतां ॥५८॥

व्याख्या—भो भव्याः । लोभः पराभूयतां निराक्रियतां त्यज्यतां मोह एव अज्ञानमेव विषद्रुमो विषतरुस्तस्य मूलं जटारूपं मूल शब्दस्याऽजहल्लिंगत्वं । पुनः कथंभूतो लोभः सुकृतमेव पुण्यमेवां-भोराशि समुद्रस्तस्य शोषणे कुंभोद्भवोऽगस्तिरिव । पुनः क्रोधाग्नेः अरणिः क्रोध एव अग्निस्तस्य अरणी काष्ठं उत्पत्तिस्थानं । पुनः प्रताप एव तरणिः सूर्यः तस्याच्छादने तोयदो मेघोभ्रं । पुनः कलेः कलहस्य

क्रीडासद्म लीलागृहं । पुनर्विवेकः एव पुण्यापुण्यविचार एव शशी चन्द्रस्तस्य स्वभानुः राहुः । पुनः आपन्नदीसिंधुः आपदः कष्टान्येव नद्यस्तासां सिंधुः समुद्रस्तासां स्थानरूपत्वात् । पुनः किं कीर्तिरेव लता वल्ली तस्याः कलापः समूहस्तस्य विनाशे कलभो हस्ति शाव ईदृशो लोभो जीयतां ॥ ५८ ॥

अर्थ—कैसा है लोभ—मोहरूप विषवृक्ष का मूल है, पुण्य-रूपी समुद्र को शोषण करने के लिये अगस्त्य ऋषि समान है [ऐसी एक किंवदन्ती है कि अंगुष्ठ प्रमाण अगस्त्य ऋषि ने सारा सागर का जल पी लिया था] अर्थात् अति लोभ के कारण पाप बन्ध होने से पुण्य का क्षय हो जाता है पुण्य का अनुभाग सर्वथा हीन हो जाता है, क्रोध रूपी अग्नि को बढ़ानेके लिये अरणियकी लकड़ी है, प्रताप रूपी सूर्य को ढकने के लिये मेघों के समान है, कलह के क्रीड़ा करने का स्थान है, विवेक रूपी चन्द्रमा के लिये राहु समान है, अनेक आपत्ति रूपी नदियों का समुद्र है, तथा कीर्ति रूपी लता समूह को उखाड़ने के लिए हाथी के बच्चे के समान है अर्थात् मनुष्य की कीर्ति पर कालिमा लग जाती है ऐसा अनेक अनर्थों का मूलभूत एक लोभ ही है अतः उसका तिरस्कार करना चाहिए अर्थात् उस लोभ का त्याग कर देना चाहिए ॥ ५८ ॥

पुनराह—

वसन्ततिलका छन्दः

निःशेषधर्मवनदाहविजृम्भमाणे ।
दुःखौघभस्मनि विसर्पदकीर्तिधूमे ॥

गाढं घनेन्धनसमागमदीप्यमाने ।
लोभानले शलभतां लभते गुणौघः ॥५९॥

व्याख्या—लोभ एवानलोऽग्निः तस्मिन् लोभानले गुणौघो ज्ञानादिगुणानां ओघः समूहः शलभतां पतंगत्वं लभते पतङ्गवज्ज्वलति । कथंभूते लोभानले निःशेषं समस्तं यद् धर्म एव वनं तस्य दाहेन विजृंभमाणः विस्तारं प्राप्नुवत् तस्मिन् । पुनः कथंभूते दुःखानां ओघः समूह एव भस्म रक्षा यत्र सः तस्मिन् । पुनः कथंभूते विसर्पत् प्रसरदपकीर्ति एव धूमो यस्मात् स तस्मिन् । पुनः कथंभूते गाढं अतिशयेन घनान्येव द्रव्याण्येंधनानि एधांसि तेषां समागमेन आगमेन दीप्यमानोऽत्यन्तं प्रज्वलन वृद्धिप्राप्नुवत् तस्मिन् । सर्वे-गुणाः पतंगवत् भवंति संतोषेण लोभो निवार्यः स्यात् ॥ ५९ ॥

अर्थ—समस्त धर्म रूपी वन को जलाने वाली अग्नि की वृद्धि हो रही है जिसमें, दुःखों का समूह ही भस्म है जिसमें, अपकीर्ति रूपी धुंआ फैल रहा है जिसमें, इच्छित धनरूपी ईन्धन के मिलने से जाज्वल्यता हो रही है जिसमें ऐसी लोभरूपी अग्नि में गुणों का समूह पतंगों के समान जलकर भस्म हो जाता है अर्थात् लोभ के कारण सब गुण नष्ट हो जाते हैं । सारांश—यह है कि कोई मुनि या श्रावक धर्म पालन करे और अनर्थकारी लोभ के फंदेमें पड़ जाय तो गुण नष्ट हो जानेसे संसार में अपकीर्ति हो जाती है अतः लोभ का त्याग करना ही श्रेयस्कर है ॥ ५९ ॥

अथ सन्तोषगुणमाह

शार्दूलविक्रीडितछन्दः

जातः कल्पतरुः पुरः सुरगवी तेषां प्रविष्टागृहं ।
चिंतारत्नमुपस्थितं करतले प्राप्तो निधिः सन्निधिं ॥
विश्वं वश्यमवश्यमेव सुलभाः स्वर्गापवर्गश्रियो ।
ये संतोषमशेषदोषदहनध्वंसांबुदं बिभ्रते ॥६०॥

व्याख्या—ये जनाः संतोषं तृष्णानिरोधं बिभ्रते धरंति तेषां पुरोऽग्रे कल्पतरुः कल्पवृक्षो जातः प्रत्यक्षोऽभूत । पुनस्तेषां गृहं सुरगवी कामधेनुः प्रविष्टा आगता । पुनस्तेषां करतले चिन्तामणिरत्नं उपस्थितं आगतं । पुनस्तेषां निधानं द्रव्यस्य निधिः सन्निधिं समीपं प्राप्तः । पुनर्विश्वं जगत् अवश्यं निश्चितं तेषां वश्यं जातं । पुनस्तेषां स्वर्गापवर्गश्रियः देवलोकमोक्षसंपदः सुलभाः सुप्रापाः स्युः । कथभूतं संतोषं अशेषदोषदहनध्वंसांबुदं अशेषाश्च ते दोषाश्च अशेषदोषाः तेषां दहनं तस्य दहनस्य ध्वंसः अशेषदोषध्वंसनाय अम्बुदः मेघः तं । अतः संतोष एव कर्तव्यः अत्र सुभौमचक्रवर्तिदृष्टान्तः ॥ ६० ॥

इति लोभप्रक्रमः

अर्थ—जो पुरुष सम्पूर्ण दोष रूपी अग्नि को नष्ट करने के लिए मेघों के समान सन्तोष को धारण करते हैं उनके आगे कल्पवृक्ष उत्पन्न हो जाता है, कामधेनु उनके घर में प्रवेश करती है, चिन्तामणि रत्न उनके हस्ततल में उपस्थित हो जाता है, निधि उनके निकट आ जाती है, स्वर्ग मुक्ति की लक्ष्मी सुलभता से

प्राप्त होती है, और सारा संसार अवश्य ही उनके वश हो जाता है।

भावार्थ—जो पुरुष सन्तोष धारण कर धार्मिक जीवन व्यतीत करते हैं उनके पुण्य उदय से उन्हें इस लोक, परलोक में सब सुख के साधन मिलते हैं। कल्पवृक्ष, कामधेनु, चिन्तामणिरत्न, नव निधियाँ आदि सभी पदार्थोंका सहज ही समागम हो जाता है और तो क्या? कर्म काट कर अनन्त अविनाशी सिद्ध पद पाते हैं।

अथ सौजन्यविधानोपदेशमाह—

शिखरिणी छन्दः

वरं क्षिप्तः पाणिः कुपितफणिनो वक्त्रकुहरे।
वरं झंपापातो ज्वलदनलकुंडे विरचितः॥
वरं प्रासप्रान्तः सपदि जठरान्तर्विनिहितो।
न जन्यं दौर्जन्यं तदपि विपदां सद्म विदुषा॥६१॥

व्याख्या—कुपितस्य फणिनः क्रुद्धस्य सर्पस्य वक्त्रकुहरे मुखविवरे पाणिर्हस्तः क्षिप्तो निःक्षिप्तः सन् वरं श्रेयान्। पुनर्ज्वलदनलकुंडे प्रज्वलत् अग्निकुंडे झंपापातो विरचितः कृतो वरं श्रेष्ठः। पुनः प्रासस्य कुन्तस्य प्रान्तोग्रं जठरान्तः उदरमध्ये विनिहितः क्षिप्तो वरं श्रेष्ठः। तदपि विदुषा पंडितेन दौर्जन्यं पैशून्यं न जन्यं न कर्तव्यमेव। किंभूतं दौर्जन्यं विपदां आपदां कष्टानां सद्म गृहं स्थानमित्यर्थः। अतः कारणात् सौजन्यमेव विधेयं॥ ६१॥

अर्थ—कोप को प्राप्त हुए सर्प के मुख रूप छिद्र में हाथ डालना अच्छा है, प्रज्वलित अग्नि के कुण्ड में झम्पापात लेना कूद पड़ना श्रेष्ठ है, शीघ्र ही विष खा लेना भी अच्छा है परन्तु विद्वानों को विपत्तियों का घर दुर्जनता का करना अच्छा नहीं है।

भावार्थ—तत्काल मर जाना तो श्रेष्ठ है परन्तु दुर्जनता का व्यवहार करना या दुर्जनों की संगति करना उत्तम नहीं है ॥ ६१ ॥

पुनराह—

वसंततिलका छन्दः

सौजन्यमेव विदधाति यशश्चयं च ।
स्वःश्रेयसं च विभवं च भवक्षयं च ॥
दौर्जन्यमावहसि यत्कुमते तदर्थम् ।
धान्ये दवं दिशसि तज्जलसेकसाध्ये ॥६२॥

व्याख्या—सौजन्यमेव सुजनतैव पुंसां यशश्चयं कीर्तिसमूहं विदधाति करोति। पुनः स्वश्रेयसं कल्याणं विदधाति। पुनर्विभवं द्रव्यं विदधाति। पुनर्भवक्षयं संसारक्षयं मोक्षं विदधाति। ततो हे कुमते हे कुबुद्धे यत्तदर्थंयशश्चयाद्यर्थं दौर्जन्यं पिशुनतां आवहसि धरसि। तत् धान्ये धान्यक्षेत्रे दवं दावाग्निं दिशसि ददासि। कथंभूते धान्ये जलसेकसाध्ये जलस्य सेकेन सिंचनेन साध्ये निष्पादनीये तत्र दावं ददासि ॥ ६२ ॥

अर्थ—हे अज्ञानी जीव! सज्जनता ही कीर्ति को संचित करती है, आत्मकल्याण सम्पदा को देती है तथा जन्ममरण रूप

संसार का क्षय करती है। यदि तुम कीर्ति, कल्याण, सम्पत्ति आदि के लिए दुर्जनता का व्यवहार करोगे तो समझो कि तुम जल सिंचन करने योग्य धान्य में अग्नि डालने का कार्य करते हो। इसलिए दुर्जनता का व्यवहार सर्वथा त्यागने योग्य है और सज्जनता का व्यवहार ही कल्याणकारी है।

दारिद्र्येऽपि सुजनतैव श्रेष्ठेत्याह—

पृथ्वीछन्दः

वरं विभववन्ध्यता सुजनभावभाजां नृणा-
मसाधुचरितात्मनां न पुनरूर्जिताः संपदः।
कृशत्वमपि शोभते सहजमायतौ सुन्दरं।
विपाकविरसा न तु श्वयथुसंभवा स्थूलता ॥६३॥

व्याख्या—वरमिति सुजनभावभाजां सौजन्यसहितानां नृणां पुंसां विभवस्य वंध्यता निष्फलता। निर्द्रव्यता दारिद्र्यमेव वरं श्रेष्ठं असाधुचरितेन अर्जिताः दौर्जन्येन उपार्जिताः संपदः श्रियोऽपि वरं न श्रेष्ठा न श्लाघ्या न। कथंभूता संपदः ऊर्जिताः बलिष्ठाः प्रचुराः तत्र दृष्टान्तमाह: सहजं स्वाभाविकं कृशत्वं दौर्बल्यमपि शोभते। तु पुनः श्वयथुसंभवा शोफा जाता स्थूलता पीनतापि न वरं न श्रेष्ठा। कथंभूतं कृशत्वं आयतौ उत्तरकाले आगामिकाले सुन्दरं शोभनं। कथंभूता स्थूलता विपाके परिणामे अन्त्ये विरसा दारुणा ॥ ६३ ॥

अर्थ—सज्जन पुरुषों के धन रहितपना (निर्धनता) तो श्रेष्ठ है परन्तु दुर्जनता से कमाया हुआ अधिक धन प्राप्त करना उत्तम नहीं है। जैसे कि शरीर में सुख देने वाली स्वाभाविक कृशता तो अच्छी प्रतीत होती है परन्तु जिसका विपाक [फल] बुरा है ऐसी सूजन के कारण होने वाली शरीरमें स्थूलता (मोटापन) उत्तम सुखप्रद नहीं होती।

भावार्थ—सज्जनता पूर्वक जीवन विताते हुये गरीब रहना उत्तम है परन्तु दुर्जनता [दुष्टता] से अन्याय पूर्वक धन कमाते हुये धनी रहना उत्तम नहीं है। क्यों कि अन्याय का धन कभी स्थिर नहीं रहता, नष्ट हो जाता है तथा अन्यायी जीव के परिणामों में संक्लेशता सदा विद्यमान रहती है जिसके फलस्वरूप नरकादि गतियों के दुःख भोगने पड़ते हैं ॥ ६३ ॥

सौजन्यभाजां गुणानाह—

शार्दूलविक्रीडित छन्दः

न ब्रूते परदूषणं परगुणं वक्त्यल्पमप्यन्वहं ।
संतोषं वहते परर्द्धिषु पराबाधासु धत्ते शुचम् ॥
स्वश्लाघां न करोति नोज्झति नयं नौचित्यमुल्लंघय-
त्युक्तोऽप्यप्रियमक्षमां न रचयत्येतच्चरित्रं सतां ॥६४॥

व्याख्या—सतां साधूनां सज्जनानां एतच्चरित्रं चेष्टितं अस्ति। एतदिति किं सज्जनः परदूषणं परदोषं न ब्रूते। पुनरल्पमपि तुच्छमपि परगुणं अन्यगुणं अन्वहं निरन्तरं वक्ति कथयति।

पुनः परेषां ऋद्धिषु संपत्तिषु संतोषं अनभिलाषं अमत्सरं वहते धत्ते। पुनः पराबाधासु परपीडासु शुचं शोकं धत्ते। पुनः स्वश्लाघां आत्मप्रशंसां न करोति। पुनः नयं न्यायं नोज्झति न त्यजति। पुनरौचित्यं योग्यतां नोल्लंघयति नातिक्रामति। पुनरप्रियं विरूपं अहितं वकोपि भणितोपि अक्षमां क्रोधं न रचयति न करोति। सतां एतच्चरित्रं वर्तते ॥ ६४ ॥

अर्थ—सत्पुरुषों का चरित्र ऐसा होता है:—कि वे दूसरों के दोषों को प्रगट नहीं करते, दूसरों के थोड़े भी गुणों की रात दिन प्रशंसा करते हैं, दूसरों के वैभव आदि को देख कर ईर्ष्यालु न होकर सन्तोष धारण करते हैं, दूसरों के दुखों को देख कर दुःखी हो जाते हैं, अपनी प्रशंसा अपने आप नहीं करते किन्तु अपनी प्रशंसा सुन कर लज्जा प्रगट करते हुये लज्जा से अवनत हो जाते हैं, संकट आने पर भी न्याय नीति का त्याग नहीं करते, योग्य आचरण या स्वकर्तव्य की उपेक्षा नहीं करते और दूसरों द्वारा कटुक वचनों का प्रयोग किये जाने पर भी क्रोधित नहीं होते क्ष्मा (पृथ्वी) की तरह क्षमा धारण करते हैं। ऐसा यह सज्जनों का अपूर्व ही चरित्र है।

भावार्थ—जो सज्जन पुरुष होते हैं वे दूसरों की कटु आलोचना नहीं करते, छिद्रान्वेषी नहीं होते। गुणग्राही होने के कारण वे दूसरों के गुणों पर ही दृष्टिपात करते हैं, अवगुणों का त्याग करते हैं।

अथ गुणसङ्गं वर्णयति—

शार्दूलविक्रीडित छन्दः

धर्मं ध्वस्तदयो यशश्च्युतनयो वित्तं प्रमत्तः पुमान् ।
काव्यं निष्प्रतिभस्तपः शमदयाशून्योऽल्पमेधाः श्रुतं ॥
वस्त्वालोकमलोचनश्चलमना ध्यानं च वाञ्छत्यसौ ।
यः संगं गुणिनां विमुच्य विमतिः कल्याणमाकांक्षति ।६५।

व्याख्या—यो विमतिः निर्बुद्धिः गुणिनां गुणवतां मनुष्याणां संगं संसर्गं विमुच्य त्यक्त्वा कल्याणं श्रेयः आकांक्षति असौ विमतिः पुमान् ध्वस्तदयो गतकृपः निर्दयः सन् धर्मं पुण्यं वांछति । पुनश्च्युतनयो गतन्यायोऽन्यायभाक् सन् यशः कीर्ति वांछति । पुनः प्रमत्तः प्रमादी सन् वित्तं धनं वांछति । पुनर्निष्प्रतिभः प्रज्ञारहितः सन् काव्यं कर्त्तुं वांछति । पुनः शमेन उपशमेन दमेन च हीनो रहितः पुमान् तपो वांछति । पुन अल्पमेधा तुच्छबुद्धिर्बुद्धि-रहितः सन् श्रुतं शास्त्रं पठितुं वांछति । पुनरलोचनो नेत्ररहितः सन् वस्तूनां घटपटादीनां विलोकनं दर्शनं वांछति ·। पुनश्चलमनाः चलचित्तः सन् ध्यानं वांछति । तथा गुणवतां संगं विना कल्याणं न ॥ ६५ ॥

अर्थ—जो अज्ञानी मनुष्य गुणवान् पुरुषों की संगति छोड़-कर अपना कल्याण करना चाहता है वह मूर्ख दया बिना धर्म को चाहता है, नीतिमार्ग रहित होकर कीर्ति सम्पादन करना चाहता है, आलसी होकर धन कमाना चाहता है, प्रतिभारहित हो काव्य

रखना चाहता है, समता और इन्द्रियदमन किये बिना ही तप करना चाहता है, अल्प बुद्धि होकर शास्त्र पारगामी होना चाहता है, नेत्रों के बिना पदार्थों को देखना चाहता है, और चंचल चित्त होकर भी ध्यान करना चाहता है।

भावार्थ—जिस प्रकार दया बिना धर्म नहीं, न्याय बिना कीर्तिलाभ नहीं, परिश्रम किये बिना धनोपार्जन नहीं, प्रतिभा बिना काव्यरचना नहीं, शमदम बिना तप नहीं, विशिष्ट क्षयोपशम बिना श्रुत ज्ञान नहीं चक्षु बिना पदार्थावलोकन नहीं, स्थिर मन बिना ध्यान नहीं होता उसी प्रकार सत्संगति बिना मनुष्यका कल्याण भी नहीं हो सकता।

पुनर्गुणिसङ्गं वर्णयति—

हरिणी छन्दः

हरति कुमतिं भिंत्ते मोहं करोति विवेकितां।
वितरति रतिं सूते नीतिं तनोति गुणावलिं॥
प्रथयति यशो धत्ते धर्मं व्यपोहति दुर्गतिं।
जनयति नृणां किं नाभीष्टं गुणोत्तमसंगमः॥६६॥

व्याख्या—नृणां पुंसां गुणैः उत्तमाः गुणोत्तमास्तेषां संगमो नृणां किं किं अभीष्टं वांछितं न जनयति न करोति अपितु सर्वमभीष्टं जनयति। गुणोत्तमसंगमः कुमतिं कुबुद्धिं हरति दूरीकरोति। पुनर्मोहं अज्ञानं भिन्ते विदारयति। पुनर्विवेकितां तत्त्वातत्त्वविज्ञत्वं करोति। रतिं संतोषं वितरति ददाति। पुनर्नीतिं न्यायं सूते

जनयति। पुनर्गुणावलिं गुणश्रेणीं तनोति। पाठांतरे तु विनीततां तनोति। पुनर्यशः कीर्तिं प्रथयति विस्तारयति। पुनर्धर्मं धत्ते धरति। पुनर्दुर्गतिं नरकतिर्यंग्गतिरूपां व्यपोहति छेदयति। एवं गुणोत्तम-संगमः सर्वमभीष्टं जनयति ॥ ६६ ॥

(अर्थ—गुणी जनों की संगति खोटी बुद्धि को हटाती है जीवों की मोह परिणति को नष्ट करती है, हेयोपादेय का ज्ञान प्रगट करती है, प्रेमभाव (वात्सल्यभावना) को बढ़ाती है, नीति मार्ग का आश्रय बनाती है, विनयगुण की वृद्धि करती है, लोकमें यश फैलाती है, धर्म सेवन की भावना को उत्पन्न करती है, नरकगति तिर्यंचगति के दुःखों को हटाती है (नाश करती है) सत्संगति मनुष्यों को कौन कौन से इच्छित पदार्थ प्रदान नहीं करती अर्थात् संसार में सर्व उत्तम गुणोंको प्राप्त कराती है।)

पुनराह—

शार्दूलविक्रीडित छन्दः

लब्धुं बुद्धिकलापमापदमपाकर्तुं विहर्तुं पथि।
प्राप्तुं कीर्तिमसाधुतां विधुवितुं धर्मं समासेवितुं ॥
रोद्धुं पापविपाकमाकलयितुं स्वर्गापवर्गश्रियं।
चेत्त्वं चित्त समीहसे गुणवतां संगं तदङ्गीकुरु ॥६७॥

व्याख्या—रे चित्त चेत् यदि त्वं बुद्धिकलापं बुद्धिसमूहं लब्धुं प्राप्तुं समीहसे वांछसि तत्तदा गुणवतां गुणिनां संगं संसर्गं अंगीकुरु विधेहि। पुनर्यदि पथि न्यायमार्गे विहर्तुं विचरितुं वांछसि।

पुनः यदि कीर्तिं यशः प्राप्तुं समीहसे वांछसि। पुण्यं समासेवितुं कर्तुं समीहसे। पुनर्यदि विपदं आपदं अपाकर्तुं दूरीकर्तुं समीहसे वाञ्छसि। पुनरसाधुतां असौजन्यं विधुवितुं स्फेटयितुं समीहसे वांछसि। पुनर्यदि धर्मं पुण्यं समासेवितुं कर्तुं समीहसे वाञ्छसि। पुनर्यदि पापविपाकं अशुभकर्मफलं रोद्धुं समीहसे। पुनर्यदि स्वर्गापवर्गश्रियं देवलोकमोक्षलक्ष्मीं आकलयितुं अनुभवितुं समीहसे। तदा गुणवतां संगं कुरु॥ ६७॥

अर्थ—हे चित्त! यदि तू बुद्धिका भण्डार प्राप्त करने के लिये, आपत्तियों को हटाने के लिए, सन्मार्ग में गमन करने के लिये, कीर्ति को प्राप्त करने के लिये, धर्म को शांति पूर्वक सेवन करने के लिये, पापों के फल दुखों को हटाने के लिये, स्वर्ग तथा मोक्षकी लक्ष्मी को प्राप्त करने के लिये इच्छा करता है, तो सज्जन गुणवान् पुरुषों की संगति को अवश्य ही स्वीकार कर।

भावार्थ—यदि मनुष्य इह लोक परलोक सम्बन्धी सुखों की अभिलाषा रखता है तो उसे गुणी जनों की संगति करनी चाहिये। क्योंकि सत्संगति से सन्मार्ग में बाधा उपस्थित करने वाले दोषों का निराकरण होजाता है।

निर्गुणसंगमदोषमाह—

(हरिणी छन्दः

हिमति महिमाम्भोजे चंडानिलत्युदयाम्बुदे।
द्विरदति दयारामे क्षेमक्षमाभृति वज्रति॥

समिधति कुमत्यग्नौ कन्दत्यनीतिलतासु यः ।
किमभिलषता श्रेयः श्रेयान्स निर्गुणिसंगमः ॥६७॥

व्याख्या—स निर्गुणसंगमः किमपि श्रेयः कल्याणं अभिलषता वांछता पुरुषेण कथं श्रेयः कथं आश्रयणीयः सः कः यो महिमा एव महत्त्वमेवांभोजं कमलं तस्मिन् हिमति हिम इवाचरति तद्विनाशकत्वात् । पुनर्यो निर्गुणसंगः उदय एव धनधान्यप्रतापवृद्धिरेवांभोदो मेघस्तत्र चंडानिलति प्रचंडवायुरिवाचरति । पुनर्दया एव अथवा दम एव आरामो वनं तत्र द्विरदति द्विरदवद्गजवदाचरति । तदुन्मूलकत्वात् । पुनर्यः क्षेममेवकुशलमेव क्षमाभृत गिरिस्तत्र वज्रति वज्रवदाचरति तच्छेदकत्वात् । पुनर्यः कुमति रेवाग्निस्तत्र समिधति समिद् इंधन इवाचरति तद्वृद्धिहेतुत्वात् । पुनर्यो अनीतिलतासु अन्याय वल्लिषु कंदति कंद इवाचरति तन्मूलभूतत्वात् । ईदृशो निर्गुणसंगमः श्रेयो वांछता पुरुषेण न श्रेयः न श्रयणीयः । अत्र गिरिशुकपुष्पशुकयोः कथा । मातात्येका पितात्येको ममाशनानां तु स वचः शृणोति । अहं च राजन् मुनिपुङ्गवानां प्रत्यक्षमेतद्भवतापि दृष्टं । संसर्गजा दोष गुणा भवन्ति ।

इति गुणिसंगमप्रक्रमः

अर्थ—दुर्जनों की संगति कैसी है इसका एक मानचित्र चित्रण किया जाता है—जो निर्गुणी की संगति महिमा (प्रतिष्ठा) रूपी कमल को नष्ट करने के लिये तुषार के तुल्य है, पुण्योदय रूपी मेघों को अस्त व्यस्त करने के लिये तीव्रवायु के समान है, दया रूपी उपवन के उजाड़ने के लिये हाथी के तुल्य है, कल्याण रूपी पर्वत

को चूर्ण करने के लिये वज्र समान है, कुबुद्धि रूपी अग्नि को प्रज्व-लित करने के लिये लकड़ी के समान है, अन्याय रूपी लता के लिये जड़ समान है ऐसी यह दुर्जन संगति कल्याण के इच्छुक [मुमुक्षु] जनों को क्या कभी हितकर हो सकती है? अर्थात् कदापि नहीं।

भावार्थ—जैसे शीतकाल में हिमपात के कारण कमल वन नष्ट हो जाता है या तीव्रपवन से मेघसमूह, हस्ती द्वारा उपवन, वज्रपात द्वारा पर्वत आदि नष्ट हो जाते हैं उसी प्रकार निर्गुणी जनों की संगति से मनुष्यों की प्रतिष्ठा, कीर्ति, न्यायबुद्धि, संयम तप आदि नष्ट हो जाते हैं अतः दुर्जनों का समागम हितकर नहीं है।

अथेन्द्रियजयोपदेश माह—

शार्दूलविक्रीडित छन्दः

आत्मानं कुपथेन निर्गमयितुं यः शूकलाश्वायते।
कृत्याकृत्यविवेकजीवितहर्तौ यः कृष्णसर्प्पायते॥
यः पुण्यद्रुमखण्डखंडनविधौ स्फूर्जत्कुठारायते।
तं लुप्तव्रतमुद्रमिन्द्रियगणं जित्वा शुभंयु र्भव॥६९॥

व्याख्या—हे साधो त्वं इन्द्रियगणां पञ्चेन्द्रियसमूहं जित्वा विनिर्जित्य शुभंयुः शुभसंयुक्तो भव। तं कं यः इन्द्रियगणः स्पर्शन रसन घ्राण चक्षुः श्रोत्रसमूहः आत्मानं स्वं कुपथेन कुमार्गेण निर्गम-यितुं नेतुं सूकलाश्वायते दुर्विनीत अश्व इवाचरति तस्य कुमार्गगामि-

स्वभावित्वात् । पुन र्यः इन्द्रियगणः । कृत्यं च अकृत्यं च कृत्याकृत्ये तयोर्विवेक एव विचार एव जीवितं जीवितव्यं तस्य हृतौ हरणे कृष्ण सर्पायते कृष्णसर्प इवाचरति । पुन र्यः इन्द्रियगणः पुण्यमेव द्रुमा तेषां खण्डं वनं तस्य खण्डने छेदने स्फूर्जन् कुठारायते । स्फूर्जत् तीक्ष्ण कुठार इवाचरति । कथंभूतं इन्द्रियगणं लुप्तव्रतमुद्रं लुप्ता छिन्ना व्रतानां मुद्रा मर्यादा येन सः तं ॥ ६६ ॥

अर्थ—जो इन्द्रियों का समूह अर्थात् इन्द्रियां इस आत्मा को खोटे मार्ग में प्राप्त कराने के लिये बद लगाम घोड़े के समान है, तथा जो कार्य अकार्य के ज्ञान रूपी जीवन को नाश करने के लिये काले सर्प के समान है और जो पुण्य रूपी वृक्ष के वन को काटने के लिये तीक्ष्ण कुठार के समान है ऐसे चारित्र की मर्यादा को नष्ट करने वाले इन्द्रियोंके समूहको जीत कर मोक्षगामी हो ।

भावार्थ—इन्द्रिय विषयों के वशीभूत होकर प्राणी कुमार्ग-गामी, अविवेकी, पापी और चारित्र भ्रष्ट हो जाता है और तो क्या अपने प्राणों को भी गमा देता है जैसा कि कहा है:—

कुरङ्गमातङ्गपतङ्गभृङ्गमीनाहताः पंचभिरेव पंच ।
एकः प्रमादी स कथं न हन्यते, यः सेव्यते पंचभिरेव सद्यः ।६८।

अर्थ—स्पर्शन इन्द्रिय के वशीभूत हो हाथी, रसना के वशी-भूत मछली, घ्राण इन्द्रिय के वशीभूत भौंरा, चक्षु विषय का विषयी पतङ्ग तथा कर्ण इन्द्रिय का वशीभूत हिरन अपने प्राणों को गमा बैठता है । एक एक इन्द्रिय के विषयीभूत होकर जीव जब अपने

प्राणों को खो देते हैं, मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं तो वह प्रमादी पुरुष जो पांचों इन्द्रियों के वशीभूत हो उसका क्या २ अनर्थ नहीं होगा अतः इन्द्रिय-विजय ही जीवोंका कल्याणकारी मार्ग है।

पुनराह—

शिखरिणी छन्दः

प्रतिष्ठां यन्निष्ठां नयति नयनिष्ठां विघटय-
त्यकृत्येष्वाधत्ते मतिमतपसि प्रेम तनुते।
विवेकस्योत्सेकं विदलयति दत्ते च विपदं।
पदं तद्दोषाणां करणनिकुरम्बं कुरु वशे ॥७०॥

व्याख्या—भो भव्य ! तत् करणानां इन्द्रियाणां निकुरंबं समूहं वशे कुरु वश्यतां नय आत्माधनं विधेहि। तत्किं यत्करणनिकुरंबं प्रतिष्ठां महत्त्वं निष्ठां अवसानं क्षयं नयति प्रापयति। पुनर्यत् नयनिष्ठां न्यायस्थितिं विघटयति स्फोटयति। पुनर्यत् अकृत्येष्वना-चारेषु मतिं बुद्धिं आधत्ते स्थापयति। पुनः अतपसि अविरतौ प्रेम तनुते स्नेहं करोति। पुनर्यत् विपदं आपदं कष्टं दत्ते ददाति। पुन-र्यत् विवेकस्य कृत्याकृत्यविचारस्य उत्सेकं उन्नतत्वं विदलयति विध्वं-सयति। तत्करणनिकुरंबं इन्द्रियसमूहं स्ववशे कुरु। कथंभूतं दोषाणां पदं स्थानं ॥ ७० ॥

अर्थ—जो इन्द्रिय-समूह प्रतिष्ठा को बिगाड़ देता है, न्याय-मार्ग को नष्ट करता है, पापकार्यों में बुद्धि लगाता है, कुतप

(सम्यक्त्व रहित मिथ्या तप) में अनुराग बढ़ाता है, ज्ञान के उत्साह को नष्ट करता है, विपत्तियों को उत्पन्न करता है अर्थात् इन्द्रियविषयलोलुपी मनुष्य पर ही अनेक संकट के बादल छाये रहते हैं इस प्रकार समस्त दोषों का स्थान उस इन्द्रियसमूह को वश करो यह आचार्य का उपदेश भव्यात्माओं के लिये है जिससे जगत्-जंजाल में जीव अपना जीवन व्यर्थ ही नष्ट न करें।

पुनराह—

शार्दूलविक्रीडितछन्दः

धत्तां मौनमगारमुज्झतु विधिप्रागल्भ्यमभ्यस्यता-
मस्त्वन्तर्गण[1]मागमश्रममुपादत्तां तपस्तप्यतां ।
श्रेयः पुञ्जनिकुंजभंजनमहावातं न चेदिन्द्रिय-
व्रातं जेतुमवैति भस्मनि हुतं जानीत सर्वं तदा ॥७१॥

व्याख्या—हे साधो ! भवान् मौनं धत्तां कुरुतां। पुनः आगारं गृहं उज्झतु त्यजतु। पुनर्विधिप्रागल्भ्य सब्दाचारचातुर्यं अभ्यस्यतां कुर्वन्तु। अन्तर्गणो गच्छ वासमध्ये अथवा अंतर्वनं वन-मध्ये अस्तु भवतु। पुनरागमश्रमं सिद्धान्तपठनं उपादत्तां अंगी-कुरुतां। पुनस्तपस्तप्यतां करोतु। परं चेदपि इंद्रियव्रातं इन्द्रिय-समूहं जेतुं वशीकर्तुं नावैति न जानाति तदा सर्वं पूर्वानुष्ठानं भस्मनि रक्षायां हुतं वृथा जानीत। कथंभूतं इन्द्रियव्रातं इन्द्रियसमूहं श्रेयसां कल्याणानां पुंज एव निकुंजं तस्य भंजने महावातं वातूल-समानं ॥ ७१ ॥

---

१. वनमित्यपि पाठः।

अर्थ—चाहे तो मौन धारण करो, घर का त्याग करो, विधि विधान की दक्षता का अभ्यास करो, किसी भी गण गच्छादि में रहो, शास्त्र पठन पाठनमें कितना ही परिश्रम करो, चाहे उग्र तपस्या करो, परन्तु यदि कल्याण का पुंज रूप लतामंडप को नष्ट करने में तीव्र पवन के समान प्रवीण इन्द्रियों को जीतना नहीं जानते हो तो वह सब क्रियाकाण्ड भस्म में होम करने के समान व्यर्थ (निष्फल) है।

भावार्थ—यदि मन तथा इन्द्रियों को वश में नहीं किया, विषयों में अनर्गल प्रवृत्ति करते रहे, भक्ष्य अभक्ष्य का कोई विचार नहीं किया तो ऐसे मनुष्यों का मौन धारण, शास्त्राभ्यास, गृह-त्याग, विधि विधान का पाण्डित्य, तप तपन आदि क्रियायें निष्फल हैं इनसे कुछ लाभ नहीं होता अतः इन्द्रियविजयी बन कर ही कर्तव्य कार्य करना उपादेय है।

पुनर्विशेषमाह—

शार्दूलविक्रीडित छन्दः

धर्मध्वंसधुरीणमभ्रमरसावारीणमापत्प्रथा-
लङ्कर्मीणमशर्मनिर्मिति कलापारीणमेकांततः ।
सर्वान्नीनमनात्मनीनमनयात्यंतीनमिष्टेयथा-
कामीनं कुमथाध्वनीनमजयन्नक्षौघमक्षेमभाक् ॥७२॥

व्याख्या—अक्षाणां इंद्रियाणां ओघं समूहं अजयन् अवशी-कुर्वन् जनः अक्षेमभाक् अकल्याणभाग भवति। कथंभूतं अक्षौघं

धर्मध्वंसे धुरीणं मुख्यंतं। पुनः अभ्रमरसस्य सत्यज्ञानस्य आवारीणं आवरणाय समर्थं आच्छादक मित्यर्थं पुनः कथंभूतं आपदां कष्टानां प्रथायां विस्तारणे अलकर्मीणः कर्मक्षमस्तं। पुनः किं विशिष्टं अशर्मणां अकल्याणां दुःखानां निर्मितौ निर्माणकरणे कलापारीणः चतुरस्तं। पुनः किं विशिष्टं एकांततो निश्चयेन सर्वान्नीनः सर्वान्नभक्षकस्तं। पुनः किं विशिष्टं न आत्मनेहितोऽनात्मनीनस्तं आत्मनोऽहितं। पुनः किं अनये अन्यायेऽत्यंतीनोऽत्यंतगामी तं। पुनः किं इष्टे इष्टवस्तूनि यथाकामस्वेच्छया वर्तते इतियथाकामीनस्तं। पुनः किं विशिष्टं कुमते कुत्सितमतेऽध्वनीनः पांथस्तं। ईदृशं इन्द्रियसमूहं अजयन् सन् अश्रेमभाक् भवति॥ ७२॥

कुरंगमातंगपतंगभृङ्गमीनाहतापंचभिरेव पंच।
एकः प्रमादी स कथं न वध्यते यः सेवते पंचभिरेव पंच॥

इति इन्द्रियप्रक्रमः

अर्थ—धर्मको नाश करने में प्रमुख, सत्यज्ञानके आच्छादक आपत्तियों के बढ़ाने में समर्थ, दुःखों को उत्पन्न करने में निपुण, सर्वथा एकांत रूप से सर्वको भक्षक, आत्मा का अकल्याण करने वाले, खोटी नीति में प्रवृत्ति कराने वाले, अपने इष्ट विषयों में स्वेच्छाचारी, कुमार्ग में चलने वाले ऐसे इन्द्रिय समूह को जो व्यक्ति विजय नहीं करता है वह कदापि अपना कल्याण नहीं कर सकता।

भावार्थ—इन्द्रियों को वश किए बिना आत्मा का कल्याण न कभी हुआ और न होगा। जितेन्द्रिय पुरुष ही ध्यान के बलसे

कर्मों की निर्जरा कर मुक्ति पद पाते हैं, देखो तो ! विषय लोलुपी सुभौम चक्रवर्ती उच्च पद प्राप्त कर, षट्खण्ड के अधिपति और अतुल वैभवशाली होकर भी इन्द्रिय विजयी न होने से अधोगामी हुए [सप्तम नरक में गये] !

अथ लक्ष्मीस्वभावमाह—

शार्दूलविक्रीडित छन्दः

निम्नं गच्छति निम्नगेव नितरां निद्रेव विष्कम्भते ।
चैतन्यं मदिरेव पुष्यति मदं धूम्येव धत्तेऽन्धताम् ॥
चापल्यं चपलेव चुम्बति दवज्वालेव तृष्णां नय- ।
त्युल्लासं कुलटाङ्गनेव कमला स्वैरं परिभ्राम्यति ॥७२॥

व्याख्या—कमला लक्ष्मीः निम्नं नीचं गच्छति । केव निम्नगा इव नदीव यथा नदी नीचं गच्छति । पुनः अतिशयेन चैतन्यं ज्ञानं विष्कभते विनाशयति केव निद्रेव यथा निद्रा अचैतन्यं करोति । पुनर्लक्ष्मीर्मदं अहंकारं पुष्यति पुष्णाति केव मदिरेव सुखे यथा मदिरा मदं उन्मत्ततां करोति । पुनः कमला अन्धतां धत्ते अन्धत्वं करोति । केव धूम्येव धूमसमूहं इव यथा धूमोऽप्यंधं करोति । पुनः लक्ष्मीः चापल्यं चुम्बति भजति केव चपला इव विद्युदिव । पुनः कमला तृष्णां उल्लासं नयति लोभ वांछां वर्द्धयति केव दवज्वाला इव यथा दवज्वाला तृषां वर्द्धयति । पुनः कमला स्वैरं स्वेच्छया परिभ्राम्यति परिभ्रमति केव कुलटाङ्गना इव असती स्त्रीव यथा असती स्त्री स्वेच्छया भ्राम्यति तद्वदेव ॥ ७२ ॥

अर्थ—लक्ष्मी की उपमा व्यभिचारिणी स्त्री से दी जाती है यह लक्ष्मी कैसी है:—लक्ष्मी नदी के समान सदा नीचे की ओर जाती है, नींद के समान चेतना को मूर्छित कर देती है, मदिरा के समान मद (अहंकार) को बढ़ाती है अर्थात् लक्ष्मीवान् होने के कारण प्राय: मनुष्य अहंकारी हो जाते हैं और अहंकार भाव के कारण दूसरों का अपमान करते हैं, अधिक धूम के समान अन्धा बना देती है (अधिक धुएँ के कारण दिखाई नहीं देता इसी प्रकार लक्ष्मीवान् व्यक्ति दूसरों को देखता हुआ नहीं देखता, नहीं गिनता) बिजली के समान मनुष्य के हृदय में चंचलता लक्ष्मी के कारण बढ़ जाती है परिणाम में स्थिरता नहीं रहती, वन की दवाग्नि के समान तृष्णा बढ़ाती है, व्यभिचारिणी स्त्री के समान स्वच्छन्द इच्छानुसार यत्र तत्र [जहां कहां] घूमती रहती है।

धनस्य दोषानाह—

शार्दूलविक्रीडित छन्द:

दायादा: स्पृहयंति तस्करगणा मुष्णंति भूमीभुजो।
गृह्णन्ति छलमाकलय्य हुतभुग्भस्मीकरोति क्षणात्॥
अम्भ: प्लावयते क्षितौ विनिहितं यक्षा हरंते हठात्।
दुर्वृत्ता स्तनया नयंति निधनं धिग्बह्वधीनं धनं॥७४॥

व्याख्या—धनं द्रव्यं धिक् अस्तु। धिग् निर्भर्त्सननिंदयो:। किंभूतं बह्वधीनत्वं बहव इच्छंति। कथं दायादा: गोत्रिण: स्पृहयंति गृहीतुं वांछन्ति। पुनस्तस्कर गणाश्चौरसमूहा मुष्णांति चोरयंति।

पुनः भूमिभुजो राजानः छलं आकलय्य मिषं दत्वा गृह्णन्ति हुतभुग् वह्निः क्षणाद् वेगेन भस्मीकरोति । ज्वालयित्वा रक्षां करोति । पुनरंभः पानीयं प्लावयति वाहयति । पुनर्यद्धनं क्षितौ भूमौ विनिहितं स्थापितं सत् यक्षा व्यंतरा हठात् बलात्कारेण हरंते अपहरन्ति । पुनर्दुर्वृत्ताः दुराचारास्तनयाः पुत्राः निधनं विनाशं क्षयं गमयन्ति । एवं बह्वधीनं धनं धिगस्तु ॥ ७४ ॥

अर्थ—कैसा है धन, भाई बन्धु कुटुम्बी जन जिसके लेने के लिए रातदिन वांछा करते हैं, चोर जिसे चुरा लेते हैं, राजा लोग कूट कपट रच कर जिसे लेते हैं, अग्नि क्षण भर में जला देती है पानी जिसे बहा ले जाता है, पृथ्वीमें गड़े हुए धन को भूत प्रेतादि जबरदस्ती हर लेते हैं, दुराचारी पुत्र जिसे नष्ट कर देते हैं ऐसे अनेक विघ्न बाधाओं के आधीन रहने वाले अर्थात् जिस धन को सभी संसारी जीव चाहते हैं पर सबको मिलता नहीं, ऐसे उस धन को धिक्कार हो ।

भावार्थ—धन प्राणों से भी प्यारा होता है जिसका धन चोरी चला जाता है वह पागल हो जाता है, कभी कभी तो मनुष्य धन के नष्ट हो जाने पर अपने प्राणों का भी विसर्जन कर बैठता है ऐसे धन को धिक्कार है ।

कहा भी है :—(आत्मानुशासन ६५ श्लोक)

> अर्थिनो धनमप्राप्य, धनिनोऽप्यवितृप्तितः
> कष्टं सर्वेऽपि सीदन्ति, परमेको मुनिः सुखी ॥

अर्थ—धन के चाहने वाले धन को न पाकर दुखी होते हैं

और धनाढ्यों के धन की लालसा अधिक होती है अतः धन के होते हुये भी वे दुखी रहते हैं। इस प्रकार निर्धन और धनी दोनों दुखी हैं सिर्फ मुनि ही सुखी हैं। क्योंकि उन्होंने सभी प्रकार के परिग्रह की वांछा छोड़कर परम संतोष धारण कर लिया है।

धनमोहोत्पादकत्वमाह—

शार्दूलविक्रीडित छन्दः

नीचस्यापि चिरं चटूनि रचयन्त्यायान्ति नीचैर्नतिं।
शत्रोरप्यगुणात्मनोऽपि विदधत्युच्चैर्गुणोत्कीर्तनं॥
निर्वेदं न विदंति किंचिदकृतज्ञस्यापि सेवाक्रमे।
कष्टं किं न मनस्विनोऽपि मनुजाः कुर्वन्ति वित्तार्थिनः।७५।

व्याख्या—मनस्विनो मानवंतो दक्षा अपि मनुष्या वित्तार्थिनो द्रव्यार्थिनः संत किं कष्टं न कुर्वीत। अपि तु सर्व कष्टं कुर्वंति। यथा नीचस्यापि नरस्याग्रे चिरं चिरकालं यावत् चटूनि चाटुवचनानि प्रियवचनानि रचयंति जल्पन्ति। पुनर्नीचैः नरैः समं नतिं आयान्ति प्रणामं कुर्वंति। पुनः शत्रोरपि अगुणात्मनोपि निर्गुणस्यापि उच्चैरतिशयेन गुणोत्कीर्तनं गुणवर्णनं विदधति कुर्वन्ति। पुनः अकृतज्ञस्यापिसेवाक्रमे खेदं सेवाकरणे किञ्चित् स्तोकमपि निर्वेदं खेदं वैराग्यं न विदंति न जानन्ति वित्तवांछकाः संतः॥ ७५॥

अर्थ—धन प्राप्त करने के अभिलाषी होकर मनस्वी लोग भी नीच पुरुष की बहुत काल पर्यंत चाटुकारिता (खुशामद, वचन द्वारा हाँ हुजूरी) करते हैं, शत्रु के आगे भी नतमस्तक रहते हैं,

दोषीजनों के भी गुण वर्णन करते हैं, कृतघ्नी मनुष्य की सेवा करने में भी विरक्ति (ग्लानि) नहीं करते। यही बड़े दुःख का विषय है।

भावार्थ—बुद्धिमान् पुरुष को धन की प्राप्ति के लिये तुच्छ-जनों की सेवा, चाटुकारिता करना शोभा जनक नहीं है परन्तु स्वाभिमान स्वप्रतिष्ठा का ध्यान रखते हुये पुण्योदय से प्राप्त वित्त वैभव में सन्तोष रखते हुये धार्मिक जीवन व्यतीत करना ही उत्तम है। इसी भावना के बल से ही इह लोक, परलोक का सुधार समीचीनतया सम्पादन हो सकता है। तृष्णावान् जीव को कभी भी जीवन में सुख शान्ति का अनुभव नहीं हो सकता। मानव जीवन रूपी चिन्तामणि आत्म कल्याण के लिये पाया है न कि पर पदार्थों में परिणति को बिगाड़ कर आत्मपतन के लिये।

उपमानेन श्रीस्वरूपमाह—

शार्दूलविक्रीडितछन्दः

लक्ष्मीः सर्पति नीचमर्णवपयः सङ्गादिवाम्भोजिनी।
संसर्गादिव कंटकाकुलपदा न क्वापि धत्ते पदं॥
चैतन्यं विषसन्निधेरिव नृणामुज्जासयत्यञ्जसा।
धर्मस्थाननियोजनेन गुणिभिर्ग्राह्यं तदस्याः फलं॥७६॥

व्याख्या—लक्ष्मी नीचं सर्पति नीचजनं प्रति याति। कस्मात् उत्प्रेक्षते अर्णवपयः संगात् समुद्रजलसंगमात् नीचगामिन्यभूत्। पुनर्लक्ष्मीः क्वापि पदं स्थानं न धत्ते न स्थापयति। कीदृशी अम्भोजिनी संसर्गात् कमलिनी संयोगादिव कंटकाकुलपदा कंटकैः व्याप्तचर-

गेत्र । पुनर्लक्ष्मी नृणां पुंसां चैतन्यं ज्ञानं अंजसा वेगेन उज्जासयति गमयति कस्मात् विषसन्निधेर्विषसामीप्यादिव । लक्ष्म्याः विषस्य च समुद्रस्थानत्वात् तस्मात्कारणात् गुणिभिर्धर्मस्थाननियोजनेन धर्मस्थानव्ययकरणेनास्याः लक्ष्म्याः फलं मार्गं सफला कर्तव्या इत्यर्थः ॥ ८६ ॥

इति लक्ष्मी स्वभाव प्रक्रमः

अर्थ— लक्ष्मी समुद्र के जल की संतति है ही मानों नीचे की ओर गमन करती है, कमलिनी के संसर्ग से ही मानों पैरों में कांटे चुभने की पीड़ा से आकुलित होती हुई मानों कहीं पर स्थिर पैर नहीं रखती अर्थात् बहुत काल तक एक स्थान पर लक्ष्मी नहीं रहती तथा लक्ष्मी को विष की निकटता रही है इसी हेतु मानों यह लक्ष्मी मनुष्यों की चैतन्य शक्ति को शीघ्र ही मूर्छित कर देती है अतः गुणवान् पुरुषोंको धर्म स्थानों में खर्च कर देने से ही इस लक्ष्मी के प्राप्त करने की सफलता ग्रहण करनी चाहिये ।

भावार्थ—साहित्यिक वर्णन है कि लक्ष्मी समुद्र से उत्पन्न हुई है और कमल निवासिनी है, समुद्र मन्थन से विष भी उत्पन्न हुआ था अतः लक्ष्मी विष की बहिन है । समुद्र–जल से उत्पन्न होने के कारण लक्ष्मी जल के समान नीचे की ओर ही जाती है तथा कमल निवासिनी होने के कारण पैरों में कांटे चुभ जाने के भयसे कहीं पर स्थिर नहीं रहती । चंचला लक्ष्मीका यह स्वभाव दिखाया है, और विष की बहिन होने के कारण लक्ष्मी मनुष्यों को अचेत कर देती है अर्थात् धन के महावेश में आकर पुरुष अचेत हो जाता है जिसके कारण पूज्य पुरुषों का भी अपमान कर बैठता है, दिखा-

हित का विवेक नहीं रहता। अतः इसको धर्मकार्यों में लगाने से ही इसके प्राप्त करने की सफलता है। धन खर्च करने के सात क्षेत्र हैं— जिनप्रतिमा, जिनमन्दिर, श्रुतज्ञान, मुनि, आर्यिका, श्रावक, श्राविका इन सात धर्मस्थानों में लक्ष्मी का सदुपयोग करने वाले पुरुष ही सद्गृहस्थ हैं उन्हींके द्वारा धर्म की अपूर्व प्रभावना होती है, वात्सल्य भाव की वृद्धि होती है, अनेक जीवों का धर्म में धर्म का स्थितिकरण होता है तथा स्व पर कल्याण होता है।

धर्मोपदेश द्वारमाह—

शार्दूलविक्रीडित छन्दः

चारित्रं चिनुते तनोति विनयं ज्ञानं नयत्युन्नतिं।
पुष्णाति प्रशमं तपः प्रबलयत्युल्लासयत्यागमं॥
पुण्यं कन्दलयत्यघं दलयति स्वर्गं ददाति क्रमात्।
निर्वाणश्रियमातनोति निहितं पात्रे पवित्रं धनं॥७७॥

व्याख्या—पवित्रं न्यायोपार्जितं धनं वित्तं पात्रे सुपात्रे निहितं दत्तं सत् चारित्रं संयमं चिनुते वर्द्धयति। विनयं विनयगुणं तनोति प्रीणयति। पुनर्ज्ञानं श्रुतादि उन्नतिं नयति प्रापयति। पुनः प्रशमं उपशमं पुष्णाति पोषयति। पुनस्तपो मासक्षमणादि प्रबलयति पारणादियोगादुल्लासयति। पुनरागमं सिद्धान्तं पठनादि उल्लासयति प्रकटं करोति। पुनः सत्कर्मवनं कंदलयति कंदलयुक्तं करोति। पुनः अघं पापं दलयति खंडयति। पुनः स्वर्गं ददाति क्रमात् अनुक्रमेण निर्वाणश्रियं मोक्षलक्ष्मीं आतनोति दत्ते इत्यर्थः। सुपात्रे दत्तं धनं एतानि वस्तूनि करोति॥ ७७॥

अर्थ—पवित्र सत्पात्र को दिया हुआ धन चारित्र का संचय करता है, विनय बढ़ाता है, ज्ञान की वृद्धि करता है, प्रशम (शांत) भाव को परिपक्व करता है, तप को प्रबल बनाता है, आगम के ज्ञान को उल्लासित करता है अर्थात् शास्त्र ज्ञान की वृद्धि करता है, पुण्य की जड़ को पुष्ट करता है, पापों को नष्ट करता है, स्वर्ग देता है और क्रम से मोक्षलक्ष्मी को प्राप्त कराता है।

सारांश—पात्र तीन प्रकार के हैं:—उत्तम, मध्यम, जघन्य। उत्तम पात्र मुनि, आर्यिका हैं। मध्यम पात्र व्रती श्रावक ग्यारहवीं प्रतिमा तक के धारी तथा जघन्य पात्र व्रत रहित सम्यग्दृष्टी हैं। उत्तम पात्रों को दान देने से उत्तम फल, मध्यम को देने से मध्यम, और जघन्य को देने से जघन्य फल मिलता है। इसका विशेष वर्णन श्रावकाचार ग्रन्थों से जानना पर पात्र दान का फल संक्षेप में इस प्रकार है :—

(श्री समन्तभद्राचार्य ने रत्नकरण्डश्रावकाचार में कहा है)

क्षितिगतमिव वटबीजं,
पात्रगतं दानमल्पमपि काले।
फलति च्छायाविभवं,
बहुफलमिष्टं शरीरभृताम्॥

जिस प्रकार वट [बरगद] का बीज बहुत छोटा होता है परन्तु उस छोटे बीज से इतना विशाल वृक्ष होता है कि जिसकी छाया में हजारों पुरुष बैठ सकते हैं। उसी प्रकार पात्रों को भक्ति पूर्वक दिया हुआ थोड़ा भी दान विशिष्ट फल को देता है।

दान देते समय दातार के इतने विशुद्ध परिणाम होते हैं कि जिसकी तुलना नहीं की जा सकती है। उन्हीं विशुद्ध परिणाम के कारण जिस जीव के कुगति बन्ध होकर परभव सम्बन्धी आयुका बन्ध यदि नहीं पड़ा है तो वह कुगति बन्धको छेद कर सुगति-बंध को कर लेता है। और तो क्या ? दान देने की अनुमोदना करने वाले भी उत्तम क्षेत्र में आकर जन्म धारण करते हैं। देखिये जब राजा वज्रजंघ और रानी श्रीमती भक्तिपूर्वक मुनियों को दान दे रहे थे उस समय सिंह, बैल, नेवला, बन्दर आदि पशु उस दान, पात्र और दातार की सराहना कर रहे थे। दान देने के माहात्म्य से वे दोनों राजा रानी उत्तम भोग भूमि में उत्पन्न हुए और सराहना करने वाले वे पशु भी उसी उत्तम भोग भूमि के क्षेत्र में तिर्यञ्च पर्याय में अवतरित हुये। कर्म भूमि के प्रारम्भ में राजा वज्रजंघ का जीव प्रथम तीर्थंकर श्री ऋषभनाथ हुये और रानी श्रीमती का जीव श्रेयान्स राजा हुये जो दान के प्रथम प्रवर्तक कहलाये इस प्रकार दान की महिमा अद्भुत है। गृहस्थावस्था में षट् कर्म [असि, मसि, कृषि, वाणिज्य, विद्या शिल्प] द्वारा उपार्जित जो पाप हैं वे दान के प्रभाव से नष्ट हो जाते हैं ऐसा दान तीन प्रकार के पात्रोंमें निरन्तर देना योग्य है।

शार्दूलविक्रीडितछन्दः

दारिद्र्यं न तमीक्षते न भजते दौर्भाग्यमालम्बते ।
नाकीर्तिर्न पराभवोऽभिलषते न व्याधिरास्कन्दति ॥
दैन्यं नाद्रियते दुनोति न दरः क्लिश्नन्ति नैवापदः ।
पात्रे यो वितरत्यनर्थदलनं दानं निदानं श्रियः ॥७८॥

व्याख्या—यः पुमान् पात्रे सुपात्रे दानं वितरति प्रयच्छति तं पुरुषं दारिद्र्यं न ईक्षते न पश्यति। पुनस्तं दौर्भाग्यं दुर्भगत्वं न भजते न सेवते। पुनः अकीर्तिरयशस्तं नालम्बते नाश्रयति। पुनः तं पराभवः परिभवनं नाभिलषते न वाञ्छति। पुनर्व्याधिरामयं तं नास्कंदति न शोषयति। पुनर्दैन्यं दीनता नाद्रियते नाश्रयति; पुनर्दरो भयं तं न दुनोति न पीडयति। पुनः आपदो व्यसनानि कष्टानि तं न क्लिश्नंति न पीडयंति। यः पात्रे दानं ददाति। किंभूतं दानं अनर्थानां उपद्रवानां दलनं छेदकं। पुन. किंभूतं श्रियां संपदां निदानं कारणं ॥ ७८ ॥

अर्थ—जो मनुष्य सत्पात्र के लिये लक्ष्मी बढ़ने का एक मात्र कारण तथा अनर्थों का दूर करने वाला दान देता है उसको दरिद्रता कभी नहीं देखती अर्थात् वह दरिद्री कभी नहीं होता. दुर्भाग्य उसकी कभी सेवा नहीं करता, अपकीर्ति उसकी संसार में नहीं होती, तिरस्कार उसका नहीं होता, व्याधियां (रोग) उसको कभी नहीं सताती, दीनता उसका आश्रय नहीं करती, भय क्षोभ पैदा नहीं होता, आपत्तियां उसको कभी नहीं सताती वह सदा स्वस्थ रहता है।

भावार्थ—जो पात्रोंके लिये श्रद्धापूर्वक अपना कर्तव्य समझकर दान देते हैं उसके सभी विघ्न, उपद्रव शान्त हो जाते हैं। गार्हस्थ्य धर्म की शोभा दान से ही है। "गृही दानेन शोभते" ऐसा आचार्यों का वाक्य है। दान बिना घर शून्य माना गया है।

दानगुणमाह—

शार्दूलविक्रीडित छन्दः

लक्ष्मीः कामयते मतिर्मृगयते कीर्तिस्तमालोकते ।
प्रीतिश्चुम्बति सेवते सुभगता नीरोगतालिङ्गति ॥
श्रेयः संहतिरभ्युपैति वृणुते स्वर्गोपभोगस्थिति ।
मुक्तिं वाञ्छति यः प्रयच्छति पुमान्पुण्यार्थमर्थं निजं ॥७९॥

व्याख्या—यः पुमान् पुण्यार्थं निजं अर्थं स्वकीयं धनं प्रयच्छति ददाति तं पुरुषं लक्ष्मीः कमला कामयते वांछति । पुनर्मतिर्बुद्धिस्तं मृगयते अन्वेषयति । पुनः कीर्तिस्तं आलोकते पश्यति । पुनः प्रीतिरानंदस्तं चुम्बति श्लिष्यति । पुनः सुभगता सौभाग्यं सेवते भजति । पुन नीरोगता आरोग्यं तं आलिंगति । पुनः श्रेयः संहतिः कल्याणपरम्परा तं अभ्युपैति सम्मुखमायाति । पुनः स्वर्गोपभोगस्थिति देवस्थभोगपद्धतिस्तं वृणुते वरयति । पुनर्मुक्तिर्मोक्षस्तं वाञ्छति यः पुण्यार्थं निजं अर्थं प्रयच्छति ॥ ७९ ॥

अर्थ—जो पुरुष अपना धन दानादि पुण्य कार्यों के लिये दे देता है लक्ष्मी स्वयं ही उससे मिलने की इच्छा करती है, अर्थात् दान के प्रताप से उसके घर स्वयं लक्ष्मी आजाती है, बुद्धि उसे ढूंढती है, कीर्ति देखती है, प्रीति उसे स्पर्श करती है, सुभगता [सौभाग्यपना] उसकी सेवा करती है, आरोग्यता आलिङ्गन करती है, कल्याण समूह प्राप्त होता है। स्वर्गों के भोग उपभोग की सामग्री (कल्पवृक्षों द्वारा प्राप्त सुन्दर वस्त्र, पुष्प, वाद्यादि अनेक

प्रकार) प्राप्त होती है तथा मुक्ति भी उसकी इच्छा करती है। ऐसा जान कर पात्रोंको सदा काल दान देना योग्य है।

भूयोप्याह—

मन्दाक्रान्ताछन्दः

तस्यासन्ना रतिरनुचरी कीर्तिरुत्कण्ठिता श्रीः।
स्निग्धा बुद्धिः परिचयपरा चक्रवर्तित्वऋद्धिः॥
पाणौ प्राप्ता त्रिदिवकमला कामुकी मुक्तिसंपत्।
सप्तक्षेत्र्यां वपति विपुलं वित्तबीजं निजं यः॥८०॥

व्याख्या—यः पुमान् निजं स्वकीयं विपुलं प्रचुरं वित्तमेव बीजं सप्तक्षेत्र्यां जिनभवनं १ जिन बिंबं २ पुस्तकं ३ चतुर्विधसंघभक्ति रूपायां वपति तस्य पुरुषस्य रतिः समाधिरासन्ना समीपवर्तिनी स्यात्तथा तस्य कीर्तिरनुचरी सेविका स्यात्, तथा तस्य श्रीः संपत् धनधान्यहिरण्यरूपा उत्कंठिता मिलनोत्का स्यात्तथा तस्य बुद्धिरौत्पत्तिकाद्या स्निग्धा स्नेहवती स्यात्तथा तस्य चक्रवर्तित्व ऋद्धिः परिचयपरा सार्वभौम विभूतिः सुपरिचिता स्यात्। तथा त्रिदिवस्य स्वर्गस्य कमला श्रीः पाणौ हस्ते प्राप्ता संगता स्यात्तथा मुक्तिसंपत् सिद्धिरमा कामुकी साभिलाषा स्याद्यः सप्तक्षेत्र्यां निजं वित्तं बीजं वपति॥ ८०॥ अत्र धन्यसालिभद्र चंदनबालासागरचंदश्रेष्ठि कथाः॥

अर्थ—जो पुरुष अपना बहुत धन रूपी बीज सात क्षेत्रों में बोता है (सातक्षेत्र:—जिन प्रतिमा, जिनमन्दिर, श्रुतज्ञान, मुनि, आर्यिका, श्रावक, श्राविका, ये सात क्षेत्र हैं) प्रीति उसकी दासी बन जाती है, कीर्ति उसकी दासी रहती है, लक्ष्मी उसके लिये उत्क-

पिठत रहती है, बुद्धि उससे प्रेम करती है, सम्पत्तियां ऋद्धियां उससे परिचय रखती हैं, स्वर्ग की लक्ष्मी उसके हाथमें आजाती है, और तो क्या मुक्ति-लक्ष्मी उसकी अभिलाषा करती है।

भावार्थ—जो पुण्यात्मा पुरुष धार्मिक नीति से कमाये हुये धन को धार्मिक कार्यों में खर्च करते हैं अर्थात् जिन प्रतिमा, जिन मन्दिर बनवाने में या उनका जीर्णोद्धार करानेमें शास्त्रोंको लिखने लिखाने व वितरण करनेमें तथा मुनि आर्यिका श्रावक श्राविका के आहार दान में, औषधिदान में उनकी परिचर्या करने कराने में अपना रुपया लगाते हैं उन्हीं का धन पाना सफल है वे ही मनुष्यों में शिरोमणि हैं, उन्हीं का मनुष्य जन्म पाना धन्यवाद के योग्य है, उनसे सभी जीव प्रेम करते हैं, संसार में उनकी चारों ओर कीर्ति फैलती है, लक्ष्मी उनके चरणों में लोटती है उनकी विशिष्ट बुद्धि या प्रतिभा होती है, चक्रवर्ति की विभूति भी उन्हें प्राप्त होती है, स्वर्ग की लक्ष्मी तथा मुक्ति लक्ष्मी तक उन्हें प्राप्त होती है इसलिये पात्रों को दान देना, उनकी सेवा भक्ति करना औषधि देना, उनके दुख संकट उपसर्ग को दूर करना, उनकी ज्ञान वृद्धि के हेतु शास्त्रों को वितरण करना श्रावकोंका कर्तव्य है।

अथ तप उपदेशद्वारमाह—

शार्दूलविक्रीडितछन्दः

यत्पूर्वार्जितकर्मशैलकुलिशं यत्कामदावानल-
ज्वालाजालजलं यदुग्रकरणग्रामाहिमन्त्राक्षरम् ।

यत्प्रत्यूहतमः समूहदिवसं यः लब्धिलक्ष्मीलता–
मूलं तद्द्विविधं यथाविधि तपः कुर्वीत वीतस्पृहः ॥८१॥

व्याख्या—वीतस्पृहः वीता गता स्पृहा वांछा यस्य स वीतस्पृहः सन् वांछा निदानादि रहितः सन् तद्द्विविधं तपः कुर्वीत कुर्यात् तत्किं यत्तपः पूर्वं भवे अर्जितानि उपार्जितानि यानि कर्माणि तान्येव शैलाः पर्वतास्तेषु कुलिशं वज्रं तेषां छेदकत्वात्। पुनर्यत्तपः यत्काम एव दावानलोदावाग्निस्तस्य ज्वालानां जालः समूहस्तत्र जलं तद्विनाशकत्वात्। पुनर्यत्तपः उग्रो दारुणो यः करणानां इन्द्रियाणां ग्रामः समूहः स एवाहिः सर्पस्तस्य मंत्राक्षरं सर्वमंत्रस्य बीजं। पुनर्यत्तपः प्रत्यूहा एव विघ्ना एव तमसोऽधकारस्य समूहस्तत्र दिवं दिनं तन्नाशकत्वात्। पुनर्यत्तपो लब्धिलक्ष्मी लब्धि संपदेव लता वल्लीस्तस्यामूलं कारणकंदं तद्द्विविधं द्वादशप्रकारं तपः कुर्वीत ॥ ८१ ॥

अर्थ—जो तप पूर्व भव में उपार्जित किये गये कर्मरूपी पर्वत को भेदने के लिये वज्रसमान है, काम रूपी दावानलकी ज्वालाओं को बुझाने के लिये जल के समान है, प्रचण्ड इन्द्रियों के समूह रूपी सर्प को वश करनेके लिये मन्त्र के समान है, विघ्न रूपी अन्धकार–समूह को नाश करने के लिये दिन–समान है तथा जो तप नव केवल लब्धि की लक्ष्मी रूपी बेल का मूल कारण है। वह दो प्रकार (अन्तरंग, बहिरंग) का तप निस्पृह होकर विधिपूर्वक करना चाहिये।

भावार्थ— इच्छा निरोध तप से ही पूर्वभव के संचित कर्मों की निर्जरा होती है, कामादि विकार परिणति दूर हो जाती है,

इन्द्रियों का दमन होता है, विघ्न आदि शांत हो जाते हैं, क्षायिक-ज्ञान क्षायिक दर्शन आदि नव लब्धियां भी तप के बल से प्राप्त होती हैं। ऐसा जान कर बाह्य आभ्यन्तर दो प्रकार का तप निदान रहित करना चाहिये।

तपः प्रभावनामाह—

शार्दूलविक्रीडितछन्दः

यस्माद्विघ्नपरम्परा विघटते दास्यं सुराः कुर्वते।
कामः शाम्यति दाम्यतीन्द्रियगणः कल्याणमुत्सर्पति॥
उन्मीलन्ति महर्द्धयः कलयति ध्वंसं च यः कर्मणां।
स्वाधीनं त्रिदिवं शिवं च भजति श्लाघ्यं तपस्तन्न किं।८२।

व्याख्या—तत्तपः किं श्लाघ्यं न प्रशस्यं न अपि तु श्लाघ्यमेव। तत्किं यस्मात्तपसो विघ्नपरंपरा कष्टश्रेणिर्विघटते विलयं याति। पुनः सुरा देवा दास्यं दासत्वं कुर्वते। पुनर्यस्मात्कामः शाम्यति उपशमं याति। पुनरिन्द्रियगणः पञ्चेन्द्रियसमूहो दाम्यति दमं प्राप्नोति। पुनर्यस्मात्तपसः कल्याणं श्रेयः उत्सर्पति प्रसरति। पुनर्यस्मान्महर्द्धयस्तीर्थंकरादिसंपदः उन्मीलंति विकसंति। पुनर्यस्मात् कर्मणां ज्ञानावरणीयादीनां चयः समूहो ध्वन्सं नाशं कलयति प्रयाति पुनर्यस्मात्तपसः त्रिदिवं स्वर्गः च पुनः शिवं मोक्षः स्वाधीनं स्वायत्तं स्यात् तत्तपसः किं श्लाघ्यं न स्यात्। अपितु श्लाघ्यमेव॥ ८२॥

